ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 28 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 145 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



जिशु सेनगुप्ता बच्चों जैसी मौज-मस्ती ... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### एसीबी के हत्थे चढ़ा घूसखोर वनकर्मी



**झुमरी तिलैया।** कोडरमा के घूसखोर वनरक्षी को एसीबी की टीम ने मंगलवार को 4000 रुपये घूस लेते रंगे हाथों दबोच लिया है। एसीबी की टीम वनरक्षी को पकड़ने के बाद उसे हजारीबाग अपने साथ ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार वनरक्षी अमरेंद्र कुमार के द्वारा पेड़ कटवाने के नाम पर चुटियारो निवासी सूरज कुमार से 5000 रुपये की मांग की जा रही थी। इसकी सूचना उन्होंने हजारीबाग कार्यालय को दी।

### विस घेराव मामले में पूर्व विधायक ने किया सरेंडर, जेल



**रांची।** विधानसभा घेराव मामले में पूर्व विधायक अमित महतो ने मंगलवार को अपर न्याययुक्त पीके शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने अमित महतो को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया है। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगाये गये थे। इस केस में उन्होंने रांची सिविल कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी थी लेकिन कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

### अग्रवाल-सरावगी को मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को सीबीआई के एक मामले में आरोपित व्यवसायी अभिषेक अग्रवाल और अमित सरावगी की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अभिषेक अग्रवाल और अमित सरावगी को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। मामले में पूर्व में कोर्ट ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी थी। मामले को लेकर सीबीआई ने आरसी 1/2019 दर्ज किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं ऋषभ कुमार ने पैरवी की। वहीं सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

# पीएम ने वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

### प्रधानमंत्री ने एक साथ 5 वंदे भारत का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कुल पांच वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। झारखंड-बिहार को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिली है।

यह ट्रेन सुबह 10:53 बजे पटना रवाना हुई। यह छह घंटे में पटना तक का सफर पूरा करेगी। रांची रेलवे स्टेशन को खुशी से झूम रहे लोगों ने वंदे मातरम् के घोष से गुंजायमान कर दिया। यात्रियों ने कहा कि इंतजार खत्म। ऐसा लग रहा है, जैसे फ्लाइट में बैठे हैं। वंदे भारत को पायलट के बालमुचू चला रहे हैं। उनके साथ लोको पायलट मनोज कुमार हैं। इस ट्रेन के मैनेजर अशोक पांडेय हैं।













रांची रेलवे स्टेशन पर इस पल के साक्षी झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री चंपई सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, स्थानीय सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, डीआरएम और दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर अर्चना जोशी समेत कई लोग बने।

वंदे भारत एक्सप्रेस में अलग-अलग स्कूलों के 100 विद्यार्थी भी सफर कर रहे हैं। इनमें से कई ने प्रधानमंत्री मोदी की पेंटिंग बनाई है। बच्चों का कहना है कि मोदी उनके रोल मॉडल है। बच्चे प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत से इन्स्पायर हैं। वंदेभारत से सफर करने वाले 10वीं से 12वीं में पढ़ने वाले इन बच्चों में रांची के 10, मेसरा के 30, सैनिक स्कूल के 50 हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

### वंदे भारत एक्सप्रेस प्रगति, नवाचार द्योतक : राज्यपाल



**राज्यपाल** सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस प्रगति, नवाचार एवं बेहतर कनेक्टिविटी का द्योतक है। हमारे कुशल अभियंताओं एवं तकनीशियनों द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित यह अत्याधुनिक ट्रेन हमारे देश की तकनीकी क्षमताओं के विकास को प्रदर्शित करता है एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वे मंगलवार को रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम शेष पृष्ठ 11 पर

# रांची जेल अधीक्षक व जेलर को ईडी का समन

### जेल अधीक्षक उपस्थित नहीं हुए, ईडी को फुटेज देने में भी की गड़बड़ी

### कानूनी पहलुओं पर भी ईडी कर रही विचार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ईडी के समन पर उपस्थित नहीं हुए। वहीं जेल अधीक्षक के द्वारा जो जेल की फुटेज दी गई है, उसमें भी गड़बड़ी की गई है। ऐसे में ईडी ने अब मनी लाउंड्रिंग के केस में जेल अधीक्षक हामिद अख्तर व जेलर नसीम खान को समन कर दिया है। मंगलवार देर शाम ईडी ने समन कर दोनों जेल अधिकारियों को 30 जून को उपस्थित होने को कहा है। जेल अधीक्षक को ईडी ने 27 जून को समन किया था, पूर्व में दो बार ईडी के समन पर वह उपस्थित नहीं हुए थे। ईडी ने अब पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। समन पर उपस्थित नहीं होने पर ईडी कानूनी कार्रवाई पर भी विचार कर रही है। जानकारी के मुताबिक, अब उपस्थिति दर्ज नहीं कराने पर ईडी हामिद अख्तर को केस में सहयोग नहीं करने से जुड़े पीएमएलए की धाराओं में आरोपी भी बना सकती है।




**फुटेज देने में क्या हुई गड़बड़ी :** ईडी ने दिसंबर 2022 में कोर्ट में आवेदन देकर सीसीटीवी फुटेज की मांग की थी। ईडी को जानकारी मिली थी कि जेल में बंद मनी लाउंड्रिंग के आरोपी ने जेल में जन्मदिन की पार्टी की थी। वहीं कई अन्य लोगों के द्वारा जेल में गलत तरीके से मुलाकात की जानकारी भी मिली थी। ईडी ने उस अवधि का फुटेज जेल शेष पृष्ठ 11 पर

### पूछताछ में वीरेंद्र राम के सहयोगियों ने दी अहम जानकारियां



**ग्रामीण** कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगी मंगलवार से पांच दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर हैं। इन सहयोगियों में नीरज मित्तल, तारा चंद और राम प्रकाश भाटिया शामिल हैं। ईडी के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की पूछताछ में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगियों ने कई जानकारियां दी है। तीनों ने ईडी के सामने यह स्वीकार लिया है कि वीरेंद्र राम के अवैध पैसे को कमीशन लेकर एक नंबर बनाने का काम करते थे। तारा चंद की तीन फर्जी कंपनियों के बैंक खातों में नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया की मदद से नकदी जमा करवाता था और उन कंपनियों के खाते से वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के कर्मचारियों और रिश्तेदारों के खाते में रुपये स्थानांतरित होते थे। इसके बाद उन खातों से वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम के खाते में रुपये ट्रांसफर हुए, जिसके माध्यम से दिल्ली के साकेत में वीरेंद्र राम ने अपने पिता के नाम पर करोड़ों की संपत्ति खरीदी थी।

# तबरेज मॉब लिंचिंग मामले में 10 दोषी करार, सजा 5 जुलाई को

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

जिले के चर्चित सहित देश के संसद तक में गूंजी तबरेज अंसारी की मौत के मामले पर एडीजे वन अमित शेखर की अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें मामले के दो आरोपी सत्यनारायण नायक और सुमंत महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। मामले के अन्य 10 आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। अदालत ने प्रकाश मंडल उर्फ पप्पू मंडल, भीमसेन मंडल, कमल महतो, मदन नायक, अतुल महाली, महेश महाली, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेमचंद महाली और सुनामो प्रधान को दोषी पाया है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया है। सजा के बिंदुओं पर आगामी 5 जुलाई को न्यायालय में सुनवाई होगी। बताते दें कि सरायकेला थाना अंतर्गत धातकीडीह गांव में 18 जून 2019 को एक घर में चोरी की नीयत से घुसे तबरेज अंसारी की पिटाई भीड़ द्वारा की गई थी। जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। और वहां से तबरेज अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। जिसके बाद सरायकेला मंडल कारा में उसकी तबीयत बिगड़ी थी और सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान तबरेज अंसारी की मौत हो गई थी।



**तबरेज अंसारी की पत्नी की शिकायत पर दर्ज हुआ था मामलाः** मॉब लिंचिंग के रूप में इस मामले की उस समय पूरे देश में चर्चा हुई। इस संबंध में मृतक तबरेज अंसारी की पत्नी शाइस्ता परवीन की शिकायत पर मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस अनुसंधान के क्रम में कुल 13 लोगों को आरोपी बना कर गिरफ्तार किया गया था, जिसमें मामले के एक आरोपी कुशल महाली का निधन हो चुका है।

# सीएम 500 युवक-युवतियों को आज देंगे नियुक्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नर्सिंग एवं आईटीआई कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के 500 छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र का वितरण बुधवार को करेंगे। कार्यक्रम प्रेझा फाउंडेशन के तत्वावधान में आईटीआई कौशल कॉलेज नगरा टोली में आयोजित है। इस दौरा मुख्यमंत्री आईटीआई कौशल कॉलेज के अंतर्गत कुलीनरी विभाग की छात्राओं के द्वारा संचालित सेवा कैफे का भी उद्घाटन करेंगे। राज्य सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा सेवा कैफे के अनुभव से छात्राओं को एक सफल उद्यमी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। सेवा कैफे के माध्यम से बेटियों में उद्यमिता संबंधी व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कराई जायेगी।

### गुमला में मिक्सर मशीन में फंसे दो मजदूरों की मौत

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के रेडवा स्थित आरकेडी कंट्रक्शन कंपनी के प्लांट में ऑपरेटर और फॉरमैन की लापरवाही से मंगलवार को मिक्सर मशीन में पीस कर दो मजदूरों भरत गोप (16) और प्रदीप उरांव (20) की मौत हो गई। यदि मशीन बंद नहीं कराया जाता तो दोनों का शरीर मशीन में पीस कर मैटेरियल के साथ निकल जाता और किसी को पता भी नहीं चलता। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण वहां पहुंचकर जमकर हंगामा करने लगें। प्लांट के मशीनों में तोड़फोड़ किया गया।

# मॉडल के यौन शोषण के आरोपी तनवीर अख्तर की जमानत की याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत में बिहार के भागलपुर की युवती से मॉडलिंग के नाम पर यौन शोषण करने और लव जिहाद के आरोपित यश मॉडलिंग एजेंसी के संचालक तनवीर अख्तर उर्फ मोहम्मद लैक खान को जमानत देने से इनकार कर दिया है। मामले में तनवीर ने अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। इसपर अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने तनवीर की जमानत याचिका खारिज कर दी।



उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने तनवीर को 14 जून को बिहार के अररिया से गिरफ्तार किया था। इस मामले में रांची पुलिस ने मॉडल का आठ जून को कोर्ट में 164 का बयान दर्ज और मेडिकल टेस्ट कराया था। बिहार के भागलपुर जिले की रहने वाली एक युवती ने मॉडलिंग के नाम पर रांची के तनवीर पर यौन शोषण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। तनवीर रांची में यश मॉडलिंग एजेंसी चलाता था। युवती यहां मॉडलिंग सीखने आयी थी। इसके बाद से उसका संपर्क तनवीर से बढ़ा था। युवती ने मुंबई के वसोर्वा में मामला दर्ज कराया था। बाद में यह मामला रांची के गोंदा थाना को भेज दिया गया था। गोंदा थाना में इस संबंध में कांड संख्या 57/2023 दर्ज किया गया है। मामले में रांची पुलिस मुंबई जाकर मॉडल का बयान और प्रताड़ित किए गए वीडियो फुटेज लेकर आई थी।

### फर्जी निकासी मामले में फंसे पूर्व बीडीओ, होगी कार्रवाई

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रेस) के अधिकारी और तत्कालीन बीडीओ भंडरा, लोहरदगा तेज कुमार हस्सा पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। उनपर अपने पद पर रहते हुए फर्जी निकासी कर 12.35 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा नियंत्री पदाधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं करने संबंधी आरोप है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। पूरे मामले पर उपायुक्त लोहरदगा ने छह जून 2020 को ही कार्रवाई की अनुशंसा की।

## मिशन 2024 : यूनिफॉर्म सिविल कोड, भाजपा का मास्टर स्ट्रोक

# समान नागरिक कानून पर सियासत!

### यू सी सी के नाम पर मुसलमानों को भड़काया जा रहा है : मोदी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के दौरान पसमांदा मुसलमानों, तीन तलाक और यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा उठाया। आन लाइन पूछे गए लखनऊ की एक कार्यकर्ता के प्रश्नों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही घर में रहने वाले अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग कानून क्यों होने चाहिए। मोदी के इस बयान के बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव 2024 के पहले समान नागरिक संहिताका कानून लाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। यह कि क्या सरकार यूसीसी को लेने का मन बना चुकी है? सवाल होने लगा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार मुसलमानों और खास कर पसमांदा मुसलमानों का मुद्दा क्यों उठाते हैं? क्या इससे भाजपा को कोई चुनावी लाभ मिल सकता है? भाजपा ने सबसे पहले हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पसमांदा मुसलमानों का मुद्दा उठाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को पसमांदा मुसलमानों तक पहुंच बनाने की सलाह दी थी। इसके बाद पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा कई कार्यक्रम चलाए गए और पसमांदा मुसलमानों के बीच पैठ बनाने की कोशिश की गई। भाजपा के 300 से ज्यादा लोकसभा सांसद होने के बाद भी उनमें एक भी मुसलमान न होने को लेकर कई बार प्रश्न खड़े किए जाते रहे हैं। पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा था। लेकिन बीजेपी ने अपनी नीतियों में बदलाव करते हुएउत्तर प्रदेश के निकाय चुनाव में 395 मुसलमानों को टिकट देकर यह संदेश देने की कोशिश की कि उसे जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट देने में कोई परहेज नहीं है। पार्टी की इस रणनीति का यह असर हुआ कि भाजपा ने कई मुस्लिमबहुल क्षेत्रों में भी जीत हासिल की। यह मुसलमान मतदाताओं के समर्थन के बिना नहीं हो सकता था।



भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन उसका यह लक्ष्य मुसलमानों के साथ के बिना आसानी से पूरा नहीं हो सकता। एक सीमित संख्या में भी यदि उसे मुसलमान मतदाताओं का वोट मिल जाता है तो उसकी बढ़त निर्णायक हो सकती है। यही कारण है कि पार्टी लगातार मुसलमानों के बीच अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है। लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनावों और निकायचुनाव के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि एक सीमित संख्या में ही सही, भाजपा को मुसलमानों का वोट मिलना शुरू हुआ है। राजनीतिक विशेषज्ञ इसे एक बड़ी राजनीतिक बदलाव की आहट मानते हैं। पसमांदा मुद्दे पर डॉ फैयाज अहमद फैजी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय योजनाओं का लाभ पहुंचाते समय केवल अंत्योदय की भावना को ध्यान में रखा। योजनाओं का लाभ पहुंचाते समय लोगों के धर्म या जाति की कोई पहचान नहीं की गई। इसके आधार पर कोई भेद नहीं किया गया और योग्य लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। सही मायने में इसी को सेकुलर होना कहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके पहले की सरकारें धार्मिक आधार पर योजनाएं चलाती थी जो कि गलत था। इस बारे में फैयाज अहमद फैजी ने कहा कि तीन तलाक का कानून सबसे ज्यादा पसमांदा मुसलमानों के हक में था। इसका बड़ा कारण है शेष पृष्ठ 11 पर

### नियमितीकरण की नीति पर सही ढंग से कार्य नहीं हो रहा : हाईकोर्ट




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत ने मंगलवार को नियमितीकरण की मांग को लेकर दाखिल सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर 27 जुलाई को सुनवाई का निर्देश दिया है। अदालत ने चार इश्यू फ्रेम किए हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि वर्ष 2012 में नरेंद्र कुमार तिवारी के मामले में आए जजमेंट के बाद भी कई मामले हाईकोर्ट के समक्ष आ रहे हैं और सरकार नियमितीकरण की अपनी नीति पर सही ढंग से कार्य नहीं कर रही है। अब अदालत 27 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा, प्रशांत पल्लव,सौरव अरुण और अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा। इस संबंध में नितिन कुमार भगत समेत 100 से ज्यादा कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।




















कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0,कोडरमा।
अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – 01/EE/RE/NREP/KODERMA/2022-23 2nd Call

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चंदवारा प्रखण्ड के पंचायत आराशाही ग्राम सरदारोडीह हल्लाखोक्या मोड़ से मो० सुल्तान मियाँ के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2484000.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह (03) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 07.07.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 08.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता एन0आर0ई0पी0, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता एन0आर0ई0पी0, कोडरमा।

PR 300989 NREP(23-24)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

अतिअल्पकालीन–ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या SPUF/MID/KODREMA/F2-03/2023-24 Date 26-06-2023

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड डोमचांच ग्राम जेरूवाडीह में त्रिवेणी मेहता के घर से ब्राहील के घर तक नाली निर्माण | 1409400.00 | 28500.00 | 2500.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | प्रखंड जयनगर छोटकी हीरोडीह एवं बड़की हीरोडीह में कल्भर्ट एवं गार्डवाल निर्माण | 2467000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | प्रखंड मरकच्चो ग्राम बहादुरपुर में आर0ई0ओ0 मेन रोड से श्मशान घाट तक कल्भर्ट एवं गार्डवाल निर्माण | 2137500.00 | 43000.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–29.06.2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 05.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 06.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा, उप विकास आयुक्त का कार्यालय कोडरमा एवं जिला नियंत्रण कक्ष कोडरमा। निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट–WWW.Jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

PR300971 (Minor Irrigation)23-24*D

## नशा मुक्ति अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन

# 'नशा से संबंधित कोई भी सूचना गुप्त रखी जायेगी'




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के तहत मैन रोड स्थित होटल केन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी डॉ असलम परवेज ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नशा के कारोबारियों पर हर तरह से नकेल कसा जाएगा।नशा सारे बुराइयों का जड़ हैं इसे मिलकर खत्म करना होगा। यह किसी अकेले की बस की बात नहीं है। इस मौके पर रांची के सिटी एसपी सुधांशु जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी समाजसेवियों ने अपने अपने सुझाव दिए इनसे हमें अपेक्षा है कि आप नशा से संबंधित कोई भी सूचना गुप्त रूप से हमें दें। पुलिस इस पर कड़ी कार्रवाई करेगी। नशा मुक्ति सिर्फ पुलिस का नहीं हम सभी की जिम्मेदारी है तभी रांची शहर नशा मुक्त हो पाएगा। मौके पर बोलते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि इस गोष्ठी से निकलकर जो बातें आई है उसे आगे लेकर जाने की जरूरत है। पहले हमें अपने घर से शुरूआत करनी होगी, फिर समाज का। आपको कहीं कुछ नजर आए पुलिस को सूचना दे, पुलिस उसपर कार्रवाई करेगी। इस मौके पर जय सिंह यादव, अकील उर रहमान, अजीत सहाय, सैयद नेहाल अहमद, परमजीत सिंह, अशरफ, पप्पू गद्दी, मंजर इमाम, एस अली, अजीत सिंह, औरंगजेब खान, मोइज अख्तर भोलू, फिरोज, राशिद हुसैन, गुलाम अली, अब्दुल खालिक नन्हू, सन्नी, सज्जाद, हाजी साहेब अली, मो शब्बीर, सहित कई लोग मौजूद थे।

## मारपीट में युवक घायल एफआईआर दर्ज

**रांची।** आदर्श नगर में एक युवक के साथ मारपीट का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में अमर कुमार ने गोलू कुमार और उसके भाई अजय कुमार के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि अमर कुमार दूध लेने के लिए घर से गए थे। लौटने के क्रम में गोलू कुमार ने नशे में अपने दोस्तों के साथ अमर कुमार से पैसा छिनने लगे। पैसा नहीं देने पर उसके साथ मारपीट की। इसी क्रम में गोलू का भाई अजय भी पहुंच गया और दोनों ने मिलकर अमर के साथ मारपीट की। साथ ही लोहे के हथियार से हाथ में मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने मंगलवार को बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर उसे कड़ी सजा दी जायेगी। इस मामले में किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

# लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जगन्नाथपुर रथ मेला, धुर्वा के आठवें दिन सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित 'जगन्नाथ महोत्सव 2023' में निदेशक संस्कृति हिमांशु मोहन ने झारखंड के लोक कलाकारों को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई एवं उत्साह वर्धन किया। आठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सब्यसाची संगीत महाविद्यालय रांची से आए हुए प्रसिद्ध सिंगर श्री श्यामल कुमार रॉय के द्वारा गणेश वंदना के साथ हुआ। हिंदी भजनों के बाद दूसरी प्रस्तुति नागपुरी सांस्कृतिक दल रांची की ओर से श्रीमती रूना देवी और उनके दल ने नागपुरी गीत और नृत्य से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। नागपुरी गीत नृत्य के बाद चाला अखड़ा खोड़हा रांची की और से श्रीराम उरांव और उनके दल की ओर से उरांव नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। चौथी प्रस्तुति में मधुकुंज छोटानागपुरी लोक संगीत दल गुमला की ओर से अभिमन्यु नायक और उनके दल की और छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति हुई। पांचवी प्रस्तुति नारायण हाडी एवं ग्रुप धनबाद की ओर से जॉलीवुड के मशहूर एक्टर नारायण हांडी और उनके दल ने एक से बढ़कर एक खोरठा गानों पर डांस किया और दर्शकों को भी नचाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की छठी प्रस्तुति जागो जगाओ संस्कृति कला मंच बोकारो की ओर से विनोद कुमार महतो और उनके दल की ओर से प्रसिद्ध घोड़ा लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति पंच परगना छाऊ नृत्य दल रांची की ओर से श्री जगन्नाथ महतो और उनके दल ने सुप्रसिद्ध मानभूम शैली में छाऊ नित्य कर सबका मन मोह लिया। छाऊ नृत्य के बाद जया सिंह एवं ग्रुप की ओर से जानी-मानी भजन गायिका जया कुमारी सिंह ने कई शानदार भजन सुना कर सबका दिल जीता। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति में राज म्यूजिकल ग्रुप रांची की ओर से राजू केरकेट्टा ने एक से बढ़कर एक आधुनिक नागपुरी गीत सुनाएं। उद्घोषिका संतोष मृदुला, हिंदी में और उद्घोषक पूरन टोप्पो, नागपुरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया। झारखंड की संस्कृति की कितनी मनमोहक है, कितना सुंदर है और झारखंड की कलाकारों में कितनी क्षमता है आप 'जगन्नाथ महोत्सव 2023' के माध्यम से देख सकते हैं।

# मारपीट में हुई मौत पर सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जमीन विवाद में हुई मारपीट में घायल शख्स की रिम्स में इलाज के दौरान मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को पिठोरिया चौक पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग मृतक की पत्नी को दस लाख मुआवजा देने, सभी आरोपितों की गिरफ्तार करने, थाना प्रभारी को निलंबित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मृतक के परिजन को आवास देने सहित अन्य मांग कर रहे है। पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है। सीओ और बीडीओ भी मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों से बातचीत कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में विगत 16 जून को जमीन विवाद में दो पक्ष में मारपीट की घटना हुई थी। इसमें एक पक्ष के तीन लोग अशोक साहू, बलराम साहू और दिनेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अशोक साहू की रिम्स में सोमवार की देर रात मौत हो गई। इस मामले में मृतक के भतीजे दिनेश साहू ने 12 लोगों के खिलाफ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।




## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव का सामान रिलीज करने का आदेश

**रांची।** एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गैंगेस्टर अमन श्रीवास्तव की मां की फोटो सहित अन्य सामान छोड़ने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की याचिका पर 22 जून को सुनवाई हुई थी। उसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए अगली सुनवाई के लिए 27 जून की तिथि निर्धारित की थी। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस की टीम ने पिछले महीने मुंबई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं।

# राजभवन पर टिप्पणी को लेकर राज्यपाल से मिले भाजपाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो पर विधि सम्मत कार्रवाई की मांग भाजपा ने राज्यपाल से की है। मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि राज्य के विधानसभा अध्यक्ष , मुख्यमंत्री तथा सरकार में संवैधानिक पद पर बैठे लोगों के द्वारा लगातार असंसदीय और असंवैधानिक वक्तव्य दिए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि ये सब इनके आचरण और व्यवहार का अंग बन चुका है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि 26 जून को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंच पर बैनर के नीचे झामुमो कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सीधे राजभवन पर गंभीर आरोप लगाए। यह पूरी तरह उनके पद की गरिमा, मयार्दाओं के खिलाफ है। भाजपा ने राज्यपाल को ज्ञापन देकर कहा है कि वह राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं, संवैधानिक संस्थाओं के संरक्षक हैं।



NEWS इन ब्रीफ

### शहर में पागल कुत्तों का आतंक, दर्जनों लोग हुए शिकार

**चाईबासा।** मनोहरपुर शहर में इन दिनों आवारा कुत्तों की भरमार हो गई है. इधर दो दिनों से पागल कुत्तों ने दर्जन भर से अधिक लोग शिकार हुए हैं. जिससे दूरदराज से मनोहरपुर शहर में बाजार करने आने वाले लोगों में चिंता बढ़ा दी है. पागल कुत्ते के शिकार मनोहरपुर, चिड़िया व आस-पास के अलावा अन्य शहरों से आने वाले दर्जनों लोग भी प्रभावित हुए हैं. पागल कुत्तों के भय से मनोहरपुर आने वाले आम लोग आतंकित हो गए हैं.

### गिरिडीह : तीन साइबर अपराधी भेजे गए जेल

**गिरिडीह।** जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के चिकसोरिया गांव से पुलिस ने 26 जून सोमवार की देररात छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इन साइबर अपराधियों के पास से पांच मोबाइल बरामद किया गया है. जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर अहिल्यापुर के थाना प्रभारी संतोष कुमार मंडल ने चिकसोरिया गांव निवासी परमेश्वर मंडल के घर पर छापेमारी कर परमेश्वर के पुत्र राजेंद्र मंडल को गिरफ्तार कर लिया. उसके साथ जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र के काशीटांड़ निवासी राजकिशोर मंडल उर्फ सोनू मंडल और राहुल मंडल को गिरफ्तार किया गया. तीनों के पास से पांच मोबाइल फोन बरामद किया गया है. जिसमें साइबर ठगी के कई प्रमाण मिला है. तीनों से पूछताछ करने के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया गया.

### स्कूल के सहायक प्रधानाध्यापक का निधन, शोक

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय दूधमटिया के प्रभारी प्रधानाध्यापक 45 वर्षीय रामविलास राम का निधन हो गया. वे पिछले कुछ दिनों से गंभीर बीमार थे. उसके निधन की खबर सुनकर गोमिया सहायक अध्यापक संघ के पदाधिकारी और अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की. बता दें कि रामविलास राम 2002 से ही पारा शिक्षक के पद पर बहाल हुए और लंबे समय से शिक्षण कार्य से जुड़े रहे. वे सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेते थे. उनकी पत्नी आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि सोमवार को वे दिनभर स्कूल में रहे. शाम को उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई तो तुरंत कथारा स्थित सीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. जानकारी मिलते ही संघ के महामंत्री मनोज कुमार सिंह, बबलू यादव, शिक्षक सुगन यादव, सूरज देव चौहान, ओम शंकर, सिराज अंसारी, सतीश दयाल, थानु रविदास, संतोष रविदास, इसराफिल अंसारी आदि पहुंचे और श्रद्धांजलि दी.

### उप्रावि सुरगुईयों के सहायक अध्यापक को हटाया गया

**चाईबासा।** उप्रावि सुरगुईयों के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संदीप सोय के द्वारा विद्यालय का संचालन ठीक ढंग से नहीं करने व नशापान करने से ग्रामवासियों में रोष है. इससे शैक्षणिक महौल खराब हो रहा ता. ग्रामीणों के लिखित आवेदन सह शिकायत पर विचार करने के बाद प्राथमिक विद्यालय टिमरा के सहायक शिक्षक हरिहर महतो को तीन माह के लिए उक्त विद्यालय में प्रतिनियोजित किया गया है. महतो को निर्देश दिया गया है कि पत्र प्राप्ति के साथ अपने प्रतिनियोजित विद्यालय उप्रावि सुरगुईयां में योगदान करना सुनिश्चित करे. फलस्वरूप अधोहस्ताक्षारी को सूचित करेंगे. वेतन का भुगतान प्रतिनियोजित विद्यालय के उपस्थिति के आधर पर मूल विद्यालय से देय होगा. उक्त आदेश प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी-सह-प्रखंड संसाधन केन्द्र, समन्वयक मनोहरपुर द्वारा जारी किया गया है.

# महिलाओं ने की मां विपदतारिणी की पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में मंगलवार 27 जून को विपत्तियों से मुक्ति की कामना लिये भक्तों ने मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना की. महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा व 13 प्रकार की मिठाइयों का भोग लगाकर देवी की आराधना की. व्रतियों ने विपत्तियों से मुक्ति की प्रार्थना की. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना के बाद आरती की गई. उसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर भरकर पतियों की लंबी उम्र की कामना की. श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया. शहर के हीरापुर हरि मंदिर, तेलीपाड़ा काली मंदिर, सरायढेला दुर्गा मंदिर, कोयला नगर दुर्गा मंदिर, जगजीवन नगर दुर्गा काली मंदिर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र ढोकरा, दामोदरपुर, करमाटांड़, आमटाल आदि जगहों में भी मां विपत्तारिणी की पूजा श्रद्धा भाव से की गई. मां विपत्तारिणी मां काली व मां दुर्गा का ही एक अन्य स्वरूप है. मान्यता है कि महिलाएं जो भी मन्नतें श्रद्धा भक्ति के साथ मांगेंगी, वह पूरी होंगी. इस पूजा में वरद सूत्र (रक्षासूत्र) बांधने की परंपरा है, जो 13 दूब से तैयार किया जाता है. मां को 13 प्रकार के फल, फूल, मिठाई, पान, सुपारी व दूब आदि का भी भोग लगाया गया. ऐसी मान्यता है कि इस पर्व में रक्षासूत्र बांधने से पति व संतान पर आनेवाली हर विपत्ति टल जाती है. बंगाली समुदाय के लोग यह पूजा बेहद उत्साह के साथ मनाते हैं. सभी ने विधि-विधान के साथ मां विपत्तारिणी की पूजा की. हीरापुर स्थित काली मंदिर में बंगाली समुदाय की महिलाओं का उत्साह परवान पर था. सुहागिनें पति, संतान और पूरे परिवार के कल्याण के लिए पूजा करती हैं. बताया गया कि रथयात्रा के बाद जो पहला मंगलवार व शनिवार पड़ता है, उस दिन यह पूजा करने की परंपरा है. महिलाओं ने दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को व्रत तोड़ा.

### चाईबासा : सुख समृद्धि की कामना के लिए सुहागिनोंने की मां विपदतारिणी की पूजा

**चाईबासा।** गुवा कुसुम घाट स्थित शिव मंदिर में सुहागिन महिलाओं ने सुख समृद्धि के लिए मंगलवार को मां विपदतारिणी की पूजा अर्चना की. इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर तथा लाल धागा बांधकर अपने परिवारों की विपदा हरण करने की कामना की. साथ ही उन्होंने मंगल कामना करते हुए माता से मांगा की हमारे ऊपर या हमारे परिवारों के ऊपर कभी भी मुसीबत ना आए. पूजा करने के बाद मंदिर के पुजारी ने मां विपदतारिणी की कथा सुनाई. पूजा के अंत में सभी सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया. ऐसा माना जाता है कि मां विपदतारिणी की पूजा अर्चना करने से किसी भी प्रकार का संकट या मुसीबत नहीं आता है. मौके पर गुवा एवं आसपास के क्षेत्रों के काफी संख्या में सुहागिन महिलाएं एवं श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा.

### बेरमो : परिवार में सुख शांति के लिए सुहागिन महिलाओं ने की मां विपदतारिणी की पूजा

**बोकारो।** फुसरो बैंक मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर में 27 जून को सुहागिन महिलाओं ने मां विपदतारिणी की पूजा कर परिवार में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की. सुबह के समय से ही सुहागिन महिलाओं का मंदिर आना शुरू हो गया था. विधि विधान से पूजा के बाद सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाया. मंदिर में मां विपदतारिणी के जयकारे भी लगाए. पूजा करने वालों में ज्यादातर बंगाली समाज की महिला श्रद्धालु थी. श्रद्धालु फुसरो, करगली, ढोरी खास, शारदा कॉलोनी, गोरांग कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, मकोली, तुरियो समेत आसपास के अन्य जगहों से पहुंचे थे. हर साल मां विपदतारिणी की पूजा रथ यात्रा के बाद शनिवार व मंगलवार को होती है. पुजारी हराधन पंडित ने बताया कि मान्यता है कि मां की पूजा करने से परिवार में आने वाला हर तरह का संकट टल जाता है. मां हर विपत्ति से श्रद्धालुओं की रक्षा करती है. महिला श्रद्धालु उपवास रखकर 13 तरह के फल, फूल और मिष्ठान अर्पित कर पूजा करती है. रक्षा सूत्र के रुप में लाल रंग के धागे को मंदिर में पूजा कराने के बाद परिवार के सभी सदस्यों के बांह में बांधा जाता है.

### जमशेदपुर : भक्तों ने मांगा सुख-समृद्धि का वरदान

**जमशेदपुर।** परसुडीह के प्रमथनगर स्थित श्रीश्री दयामई काली मंदिर में मंगलवार को विपत्तियों से मुक्ति की कामना के लिए भक्तों ने मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना की. महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा व 13 प्रकार की मिठाइयों का भोग लगाकर देवी की आराधना की. व्रतियों ने विपत्तियों से मुक्ति की प्रार्थना की. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना के बाद आरती की गई. उसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर भरकर पतियों की लंबी उम्र की कामना की. श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया. उक्त मंदिर 52 वर्ष पुरानी है जहां लगातार 35 वर्षों से माँ विपत्तारिणी की विधिवत पूजन होती आ रही है. मंगलवार को आयोजित पूजन में जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सहित सनातन उत्सव समिति के हरजीत सिंह चिंटू सम्मिलित हुए. उन्होंने मां से सुख शांति और आरोग्य के लिए कामना किया. मंदिर को संचालित करने में क्षेत्र की महिलाए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, पूजा के सफल आयोजन में अरूप घोष, रामानुज, अरिंदम, मौमिता, जया, सीमा, तापसी, रूमा, शानू, कनिका, रिंकू, पीहू सिंह सहित अन्य की उल्लेखनीय भूमिका रही.

## जनता दरबार में विधवा पेंशन व पुत्र के इलाज के लिए लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त कार्यालय में मंगलवार 27 जून को जनता दरबार लगाया गया. जनता दरबार में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने शिक्षा, जमीन विवाद, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया. बैंक मोड निवासी मुनिया देवी ने विधवा पेंशन के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा. आवेदन में उन्होंने कहा कि वह विधवा है तथा उनके पास आय का कोई साधन नहीं है. पति का स्वर्गवास हुए 3 वर्ष से अधिक हो गए हैं. कई बार विधवा पेंशन के लिए आवेदन दिया. परंतु आज पेंशन नहीं मिली. उपायुक्त ने अविलंब पेंशन स्वीकृति का निर्देशत दिया. जौधाडीह गांव के लोगों ने चापाकल के लिए आवेदन सौंपा. ग्रामीणों ने कहा कि गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत जौधाडीह में धार्मिक स्थल है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते जाते हैं. लेकिन वहां पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है. उन्होंने उपायुक्त से चापाकल निर्माण करने की मांग की. निरसा थाना क्षेत्र से आए अजीत मोदक ने अपने पुत्र के इलाज में मदद के लिए आवेदन सौंपा. उन्होंने बताया कि पुत्र मुकुल मोदक की उम्र 27 वर्ष है. उसे पेट की गंभीर बीमारी (अग्नाशय में पथरी है. बचपन से ही उपचार चल रहा है. दो बार ऑपरेशन भी कराया. मगर बीमारी दूर नहीं हुई. इलाज में सारे पैसे भी खत्म हो चुके हैं. उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है. उन्होंने उपायुक्त बेटे के इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई.

## भाकपा माले ने किया लोकल कमेटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** भाकपा माले के बिरने पंचायत भवन में मंगलवार 27 जून को बिरने पंचायत की पंचायत स्तरीय 21 सदस्यीय लोकल कमिटी का गठन किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से संजय पासवान सचिव चुने गये. धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव की मौजूदगी में आयोजित बैठक में 4 अध्यक्ष मंडली का गठन किया गया. जिसमे संजय पासवान, शमसाद आलम, बैजू यादव, नरेश यादव को चुना गया. संचालन मंडली में बिरने मुखिया चन्दन यादव, दीपक यादव, अभिनन्दन विश्वकर्मा, उप मुखिया बबलू रविदास चुने गये. पर्यवेक्षक के तौर पर प्रखंड कमिटी सदस्य अशोक मिस्त्री उपस्थित थे. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बनी है, देश में गंगा-जमुनी तहजीब को मिटाने का काम किया. महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है. गैस सिलेंडर से लेकर आटा, दाल, चावल, पेट्रोल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में कोडरमा लोकसभा व धनवार विधानसभा से भाजपा को उखाड़ फेकेंगे.

### कोंझिया स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का उद्घाटन

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड़ प्रखंड के भारती चलकरी पंचायत के कोंझिया गांव में नव निर्मित स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का उद्घाटन 27 जून मंगलवार को किया गया. पीरटांड़ प्रभारी चिकित्सा डॉ प्रमोद कुमार, प्रमुख सविता टुडू, उप प्रमुख महेंद्र प्रसाद, मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रुप से फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया. मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार कृत संकल्पित है. ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य उप केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्था बेहतर की जा रही है. यह ध्यान रखें कि केंद्रों पर इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज बिना इलाज व दवा के नहीं लौटें.

## बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** मंगलवार को मनोहरपुर थाना परिसर में जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ हरि उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में स्थानीय विभिन्न समुदायों के लोग शांति समिति में शामिल हुए. सभी को संबोधित करते हुए बिडीओ उरांव ने कहा कि बकरीद को शांतिपूर्वक और आपसी भाई-चारे के साथ मनायेंगे. सरकार कि गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं देना है. सभी मीडिया को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रशासनिक पुष्टि के बाद ही खबरों को प्रकाशित करें, किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दे.




### असामाजिक तत्वों पर रखी जाएगी नजर : थाना प्रभारी

जिप सदस्य जयप्रकाश महतो ने बकरीद पर्व शान्ति पूर्ण तरीके से मनाने पर जोर दिया और कहा कि जिस प्रकार से सभी पर्व त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे हैं उसी तरह बकरीद पर्व को भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाए. वहीं मनोहरपुर थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाता है उस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, और सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को सख्त निर्देश दिया गया है कि खुली जगहों व छोटे बच्चों के समीप कुबार्नी नहीं देना है. अगर कोई भी व्यक्ति माहौल को बिगाड़ाने की कोशिश करेगा तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दे.थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि इस दौरान विधी व्यवस्था को लेकर सभी चौंक चौराहे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे. साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जायेगी. बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद् सदस्य जयप्रकाश महतो, रेल थाना प्रभारी अनिल कुमार, एसआई मनीष यादव, अजय थेबड़ीया, प्रदीप मिश्रा, रजनीश शाह, अजहर अली आदि मौजूद थे.

**आस्था** | बाघमारा के पंचमुखी हनुमाान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

# 251 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा हाई स्कूल के समीप स्थित पंचमुखी हनुमान व शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 27 जून को भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू हुआ. सुबह में मंदिर परिसर से निकली कलशयात्रा में शामिल 251 महिलाएं व कन्याएं माथे पर कलश लेकर माटीगढ़ में जमुनिया नदी पहुंचीं. वहां मंत्रोच्चरण के बीच कलश में जलभरकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची. युवकों की टोली हाथों में पताका लिए बाजे-गाजे के साथ जयकारा लगाते चल रही थी. इसके बाद पंडितों ने यज्ञ मंडप में वेदी पूजन, जलाधिवास,



अन्नाधिवास, महास्नान व अन्य अनुष्ठान संपन्न कराए. मुख्य यजमान की भूमिका बैजनाथ यादव ने निभाई. तय कार्यक्रम के अनुसार, 3 दिनों तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे. चौथे दिन 30 जून को महाभंडारा के साथ समारोह का समापन होगा. सदस्यों ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 से 11 बजे तक वेदी पूजन के बाद विग्रहों का प्राण प्रतिष्ठा पूजन होगा. इस दौरान संगीतमय रामचरित मानस का अखंडपाठ भी चलेगा. अगले दिन गुरुवार को हवन व पूणार्हुति के बाद रात्रि में जागरण का कार्यक्रम होगा. 30 जून शुक्रवार को दोपहर में महाभंडारा में भक्तों के बीच भोग का वितरण किया जाएगा. कलशयात्रा में शिवकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, मधुर सिंह, अमर सिंह, मनोरंजन सिंह, गुड्डु यादव, अशोक यादव, अरविंद ठाकुर, शिवशंकर मुखिया, गणेश शर्मा, मुरली यादव, हेमलाल यादव आदि शामिल थे.

### कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा।** जालियांवाला बाग एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला कोडरमा स्टेशन पर उतरने के दौरान सोमवार की देर शाम असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गई थी. जिसके बाद ट्रेन के यात्रियों ने चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोका. इस दौरान स्टेशन ड्यूटी में तैनात रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम एवं अन्य रेल कर्मियों के द्वारा तत्काल महिला को ट्रेन के नीचे से निकाला गया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया. घायल महिला ने अपना नाम किरण देवी (उम्र 45 वर्ष, पति राजू साव, न्यू कॉलोनी, कोडरमा) निवासी बताया. महिला पटना से गया तक एक यात्री ट्रेन से पहुंची इसके बाद गया में जालियांवाला बाग में सवार होकर कोडरमा आ रही थी. कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद उन्हें इसकी जानकारी नहीं मिली. जब ट्रेन स्टेशन से खुल रही थी उसी समय महिला ने हड़बड़ी में ट्रेन से उतरने का प्रयास किया. जिसके बाद वह असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गई थी. सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात महिला की मौत हो गई।

### बोकारो थर्मल : बीटीपीएस प्लांट से 10 दिनों तक नहीं होगा बिजली उत्पाद

**बोकारो।** बोकारो थर्मल के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है. बोकारो थर्मल में 368 करोड़ की लागत से एफजीटी प्लांट बनकर तैयार हो गया है. बीटीपीएस प्लांट से निकलने वाली छाई के प्रदुषण से बहुत जल्द मुक्ति मिल सकती है. एफजीटी प्लांट को डीवीसी के पावर प्लांट से कनेक्ट करने के लिए 25 जून की रात कोलकाता मुख्यालय से दस दिनों के लिए बिजली उत्पादन बंद कर दिया गया है. इस बात की पुष्टि डीवीसी बोकारो थर्मल के प्रोजेक्ट हेड एनके चौधरी ने की है. इसके अलावा प्लांट के शटडाउन के दौरान डीवीसी के नूरीनगर स्थित ऐश पौंड़ से 60 हजार एमटी छाई का भी उठाव हो जाएगा. वर्तमान में डीवीसी के दोनों ऐश पौंड़ में लबालब छाई भरा हुआ है. पर्यावरण के नये मापदंड को पूरा करने व प्रदूषण नियंत्रण के लिए बोकारो थर्मल में एफजीटी प्लांट का निर्माण कराया गया है. एफजीटी प्लांट कोयला से निकलने वाली सल्फर को हटाने का काम करता है. एफजीटी प्लांट चालू हो जाने के बाद क्षेत्र को सल्फर जैसे प्रदूषण के कारकों से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाऐगी. 10 दिन के शटडाउन के दौरान एफजीटी प्लांट के डक्ट से पावर प्लांट को कनेक्ट कर चलाया जाएगा. मालूम हो कि वर्ष 2019 में तत्कालीन प्रोजेक्ट हेड कमलेश कुमार के कार्यकाल में एफजीटी प्लांट का निर्माण शुरू हुआ था. एफजीटी प्लांट के शुरू होने की खबर से डीवीसी कर्मियों सहित बोकारो थर्मल के सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं में हर्ष है. सामाजिक कार्यकर्ता जोगेंद्र गिरी, उप प्रमुख बिनोद कुमार साहू, मो. शाहजहां, बीके सिंह, गुलाब चंद्रा, मंजूर आलम आदि ने कहा कि बोकारो थर्मल में प्रदूषण नियंत्रक प्लांट के चालू होने से लोगों को प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी.

### जमशेदपुर : जिले के सभी लैम्प्स में लगेगा सीसीटीवी, किसानों से सदस्य बनने की अपील



**जमशेदपुर।** उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने मंगलवार को जिला सभागार में सहकारिता विभाग अन्तर्गत कार्यरत सक्रिय लैम्पस के अध्यक्ष तथा सचिव के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने सभी सक्रिय लैम्पसों को खरीफ बीज का वितरण एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया. साथ ही कहा कि धान अधिप्राप्ति करने वाले लैम्पसों में सीसीटीवी कैमरा लगाएं. का उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसानों के हित में सरकार द्वारा कई योजनायें चलाई जा रही हैं. उन्होंने किसानों से लैंपस से जुड़कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की. वहीं बीच-बीच में सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों को लैम्पसों के औचक निरीक्षण का निर्देश दिया. उप विकास आयुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी से जिले के सभी 228 लैंपसों को सक्रिय करने का निर्देश दिया. सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में केवल 40 लैंपस ही ऐसे हैं जो सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं. उन्होने कहा कि लैंपस सक्रिय होने से किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया जा सकेगा. सभी पंचायतों के किसानों को एक ओर जहां समय पर बीज वितरण में सहूलियत होगी वहीं धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य भी बढ़ा सकेंगे. साथ ही लैम्पस का निर्वाचन पूर्ण करने, कार्यकारिणी की बैठक प्रत्येक महीने में कम से कम एक बार करने तथा वर्ष 2022-23 का अंकेक्षण अद्यतन कराने का निदेश दिया. साथ ही लैम्पसों के कार्यों की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को बैठक करने का निदेश दिया गया.

### तिसरी : 30 जून को हूल दिवस पर सिदो कान्हू की प्रतिमा का बाबूलाल मरांडी करेंगे अनावरण



**गिरिडीह।** आगामी 30 जून को हूल दिवस मनाने को लेकर आदिवासी समाज कल्याण समिति की बैठक 27 जून को चंदौरी-कोदईबांक मोड़ बैठक हुई. बैठक में समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता सोनू हेंब्रम ने कहा कि चंदौरी-कोदाईबांक मोड़ पर महान स्वतंत्रता सेनानी सिदो कान्हू की प्रतिमा का अनावरण पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी करेंगे. उन्होंने प्रखंड के सभी लोगों से प्रतिमा अनावरण समारोह में शामिल होने की अपील की है. बैठक में बाबूलाल मरांडी के भाई नुनूलाल मरांडी भी उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि हूल दिवस को लेकर आदिवासी समाज उत्साहित हैं. सिदो कान्हो व चांद भैरव जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने झारखण्ड में अंग्रेजों के खिलाफ पहला बिगुल फूंका था. हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए, जिससे समाज में नई क्रांति आ सके.

### हजारीबाग : सुमन कैथरीन किस्पोट्टा बनीं उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की प्रभारी आयुक्त

**हजारीबाग।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच की सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मंगलवार को प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का पदभार स्वतः ग्रहण किया. आयुक्त के सचिव रवि राज शर्मा ने सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ देकर आयुक्त का स्वागत किया. इससे पूर्व सुमन कैथरीन किस्पोट्टा विशेष सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची, झारखंड राज्य के पद पर पदस्थापित थीं. झारखंड सरकार के अगले आदेश तक वह प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पद पर रहकर अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगी. प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का पदभार संभालने के बाद उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में प्रमंडलीय कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से मुखातिब होकर उनके कार्यों की जानकारी ली. आयुक्त ने प्रमंडलीय कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण करते हुए सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन करने का आदेश दिया.

### बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक

# सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं बकरीद : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखने एवं आवश्यकता अनुसार धारा 107,110 एवं 116 की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाहों के फैलने के मद्देनजर उपायुक्त ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने वैसे क्षेत्रों जहां अब तक शांति समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है उनमें जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों के माध्यम से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुष्ठ रोग खोजी अभियान को लेकर केंद्र स्तरीय टीम ने किया रामगढ़ का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** 15 से 28 जून 2023 तक चलाए जा रहे कुष्ठ रोग खोजी अभियान के तहत केंद्र स्तरीय टीम ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान डॉ सांता रमन एवं डॉ गौतम की अध्यक्षता में गठित टीम ने सर्वप्रथम गोला प्रखंड के मगनपुर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अब तक हुए सर्वे कार्य का जायजा लेते हुए टीम ने संदिग्ध पाए गए लोगों की सही तरीके से शारीरिक जांच करने एवं कुष्ठ रोगियों का अच्छे से उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों एवं स्लम क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कार्य में लगी सहियाओं तथा सुपरवाइजर्स को कुष्ठ रोग खोजी अभियान के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ समीम, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विनय उरांव , जिला काय चिकित्सक डॉक्टर सावंत कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेयजल समस्या को लेकर धरना पर बैठे कर्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** एशिया का प्रमुख चौराहा और तिलैया डैम जैसे अथाह जल के भंडार के बावजूद बरही के लोग पेयजल के लिए तरस रहे है. पेयजल आपूर्ति के लिए बना जल मीनार वर्षों से शोभा की वस्तु बनी हुई है. उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड परिसर स्थित पेयजल और स्वच्छता विभाग के खिलाफ आयोजित मौन धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजद के राजेंद्र स्वर्णकार ने कही. विदित हो कि बरही में पेयजल की विकराल समस्या है, प्रायः नलकूप और जलमीनार खराब है, मुहल्ले में वाटर टैंक से जलापूर्ति की जा रही है. बाबजूद अधिकारी मौन है. मौन धरना कार्यक्रम विभागीय उदासीनता के खिलाफ कांग्रेस के दूसरे खेमे ने राजद के साथ प्रखंड परिसर स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय के समीप आयोजित किया था. धरना में शामिल सभी लोग अपने मुंह पर काली पट्टी लगाकर विभाग के प्रति रोष जता रहे थे. कांग्रेस नेता यमुना यादव ने कहा कि वर्षों से बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, रसोईयाधमना, बेंदगी और कोनरा पंचायत के लोग विभागीय उदासीनता के कारण तिलैया डैम तीन-तीन पानी टंकी होने के बाबजूद पेयजल संकट का सामना कर रहे है. कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे हैं वरिष्ठ कांग्रेसी रघुनंदन यादव ने कहा कि यदि विभाग समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं होता है तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी. कार्यक्रम के अंत में विभागीय मंत्री के नाम एमओ आजाद सिंह को ज्ञापन भी सौंपा गया.

## सीओ ने लिया अतिक्रमण स्थल का जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला में सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण स्थल का सीओ श्री कांत लाल मांझी,थाना प्रभारी दिनेश कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद समेत अन्य लोगों ने जायजा लिया। विदित हो बरकट्ठा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कोनहरा कला के ग्रामीणों ने स्कूल और आम गैरमजरुवा भूमि पर किये अतिक्रमण से रास्ते में हुए जल जमाव की शिकायत पदाधिकारियों से की थी।जिसमें ग्रामीणों ने कहा कि रास्ते में जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी परेशानियां हो रही है।मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पदाधिकारियों ने कोनहरा कला पहुंचकर अतिक्रमण का जायजा लिया।तथा जेसीबी से रास्ते में जमे पानी को निकाला गया। वहीं सीओ ने कहा कि स्कूल और खाता संख्या 88, प्लाट संख्या 2979 आम गैरमजरुवा भुमि पर किये गये अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए कारवाई की जाएगी। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने पदाधिकारियों का आभार जताते हुए जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी,रहमत अंसारी, जीवन यादव, मुकेश यादव, महावीर यादव, अब्दुल मंसूर कादरी, श्यामलाल सिंह,फलजीत यादव, भुनेश्वर राणा, इब्राहिम मियां ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूरों और उनके परिजनों को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम पॉतीतिरी में महिला मुक्ति संस्था एवं जन साहस संस्था के एमआरसी टीम के फिल्ड ऑफसर रोहित कुमार,सतेंद्र कुमार यादव,जिला समन्वयक मोनिका रानी,जेएसएफ जरीना खातून,आरसीएफ प्रेमा कुजुर,जन साथी नीलम कुमारी के द्वारा प्रवासी मजदूरों एवं उनके परिजनों को प्रवास पूर्व प्रशिक्षण दिया गया ।बताया कि मजदूर लोग प्रवास से पूर्व अपने पंचायत में पंजीयन कर एवं लेबर ऑफिस हजारीबाग में पंजीकृत होने के बाद ही अन्यत्र कार्य के लिए जाएं। फील्ड ऑफिसर रोहित कुमार ने बताया ,लेबर ऑफिस में पंजीकृत करवाने से कई लाभ होंगे। प्रवास के बाद कैसे सुरक्षित रह सकते है,कार्य स्थल पर कैसे सुरक्षित रहना है,कार्य के दौरान क्या करना है आदि बातों पर विस्तृत रूप से संस्था के लोगों ने जानकारी दी ।वहीं जन साहस संस्था के केंद्रीय टीम के लीगल एडवाइजर संदीप कुमार ने बंधुआ मजदूरी,मानव तस्करी,बाल श्रम के विषय में विस्तार से बताया ।वहीं सहयोग जनसाहस मजदूर हेल्प लाइन नंबर 18002000211 के बारे में बताया गया कि किसी भी मजदूर को किसी तरह परेशानी हो तो इस हेल्प नंबर पर कॉल करके सहयोग ले सकते है ।वहीं महिला हेल्पलाइन नंबर180030002852 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर पॉतीतिरी व आसपास के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### 28 से 30 जून तक अनुमंडल क्षेत्र में लागू रहेंगे निषेधाज्ञा

**बरही ।** बकरीद को देखते हुए अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजुर ने 28 जून से 30 जून तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा की घोषणा किया है. साथ ही निर्देश जारी किया है कि इस दौरान बिना सक्षम अधिकारी के निर्देश के जुलूस या झांकी के आयोजन, आग्नेयास्त्र या तलवार, अस्त्र शस्त्र, लाठी इत्यादि हथियार के साथ भ्रमण, धार्मिक या सौहार्द बिगाड़ने वाला टीका टिप्पणी, सोसल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्टिंग या फॉरवर्डिंग, रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग, ऊंची आवाज में डीजे का प्रयोग इत्यादि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे.

## झामुमो के संगठन विस्तार एवं सदस्यता ग्रहण को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय में जेएमएम का संगठन विस्तार एवं सदस्यता ग्रहण को लेकर जिला अध्यक्ष शंभु लाल यादव एवं जिला उपाध्यक्ष यासीन खान के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई।इस निमित बूथ व पंचायत स्तर पर कमेटी निर्माण पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित जेएमएम जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव ने कहा बरकट्ठा में जेएमएम काफी मजबूत स्थिति में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां के कार्यकर्ताओं से काफी प्रभावित हैं। इसी को लेकर हम लोग संगठन विस्तार पर आज विस्तृत चर्चा कर रहे हैं।वहीं जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने कहा,बरकट्ठा में जेएमएम के विस्तार से मुख्यमंत्री के पास सकारात्मक मैसेज गया है। बहुत से लोग जिनका यहां शोषण किया जा रहा है गरीब, मजदूर आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग सारे लोगों जेएमएम पार्टी से जुड़े रहे हैं। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में जेएमएम अपना उम्मीदवार मजबूती के साथ उतारेगी। अब यहां चाचा भतीजा का खेल नहीं चलेगा। यहां के जनता जाग चुकी है। प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी ने कहा बरकट्ठा विधानसभा में कार्यकर्तागण परिवर्तन का एक संदेश दे रहे हैं। इस बैठक में पिछड़े, दलित व आदिवासी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। बैठक के बाद जेएमएम का काफी सकारात्मक मैसेज आएगा जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। बैठक में जेएमएम के संजय साव, हातिम अंसारी, इसाक अंसारी, शहादत अंसारी आदि उपस्थित थे।

## डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन प्रारंभ कराने को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत स्थित ग्राम नावाडीह में डिग्री कॉलेज बरकट्ठा का भवन बनकर तैयार है। लेकिन अब तक इस भवन में पठन-पाठन शुरू नहीं हो पाया है।इस निमित बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के बरकट्ठा स्थित आवासीय कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी दर्शन सोनी जबकी संचालन महेन्द्र प्रसाद ने की। मौके पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने इस बात पर सहमति जताते हुए कहा कि आगामी 02 जुलाई को सूर्यकुण्ड स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में भारी संख्या में अपने सहयोगियों के साथ पहुंचें।साथ ही आने वाले सत्र से पठन पाठन शुरू कराने को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम निर्धारित है जिसे सफल बनाने की अपील की गई। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया अर्जुन राणा, सुरेश पांडेय, दशरथ यादव, उपमुखिया किशोर मोदी, मनोहर चौधरी, पंसस डालेश्वर पंडित आदि उपस्थित थे।

## अदाणी फाउंडेशन ने 39 मरीजों को दिया मुफ्त चश्मा




**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने पिछले 17 जून को हरली स्थित पंचायत भवन में दस मुफ्त नेत्र जांच शिविर की शुरूआत की थी, जिसके तहत पहले शिविर में पुरुष और महिलाओं समेत 39 मरीजों को देखने में समस्या हो रही थी। हजारीबाग के नेत्र चिकित्सक परिमल पीयूष ने इनके आंखों की जांच की और उचित पॉवर का चश्मा लगाने की सलाह दी थी, जिसके बाद आज मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पंचायत भवन में सभी मरीजों को चश्मा प्रदान किया। निःशुल्क चश्मा पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की कोशिश से उन्हें नयी दृष्टि मिली है। अब नजदीक के साथ-साथ दूर भी स्पष्ट नजर आने लगा है। इस अवसर पर लाभान्वित ग्रामीण केवल महतो, ओमप्रकाश कुमार, रामदेशी महतो और तारा देवी समेत अन्य ने कहा कि इससे पहले उन्हें अपने आखों की जांच के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था। वहां जाकर डॉक्टर के यहां शुल्क देकर नंबर लगवाना पड़ता था। इसके बाद दुबारा चश्मा लाने के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था। इन सभी प्रक्रिया में पैसे खर्च होने के साथ-साथ समय भी लगता था। अब अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से घर बैठे ही डॉक्टर से जांच हो गयी और चश्मा भी घर आ गया। आने वाले महीनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से विभिन्न गावों में कुल दस मुफ्त नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

## विधायक ने गरीब बेटी की करायी विवाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने गंगपाचो निवासी बासुदेव रजक की पुत्री सुनीता कुमारी का विवाह निजी खर्च से करवा कर मानवता की मिसाल पेश की। विधायक यादव ने बताया कि बासुदेव रजक की पांच पुत्री व एक पुत्र रहने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब है।इसकी जानकारी मुझे कार्यकर्ताओं के द्वारा प्राप्त हुई। कहा कि बच्ची के विवाह के लिए कार्यकर्ताओं के प्रयास से ग्राम पडरिया,थाना चौपारण निवासी सीताराम रजक के पुत्र अरविंद रजक के संबंध में जानकारी मिली तथा विवाह के लिए तिथि निर्धारित की गई। जिसके बाद मंगलवार को सूर्यकुंड धाम में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बेटी बहन समझकर कन्यादान किया। ताकि सुनीता को यह लगे की मेरा भाई या पिता जो नहीं कर पाए वह एक विधायक ने किया। विवाह कार्यक्रम में जिप सदस्य कुमकुम देवी, शिक्षक यमुना साव,मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, समीम अंसारी,राजकुमार यादव, अनिल आजाद त्रिवेणी यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, दुर्गा नंद झा समेत सैकड़ों लोगों ने वर वधू को आशीर्वाद दे कर उनके मंगलमय जीवन की कामना की ।

**अफवाहों से दूर रहें** | बरही में शांति समिति की बैठक, प्रतिबंधित पशुओं की न दें कुर्बानी, होगी कार्रवाई, एसडीपीओ बोले

# शांतिपूर्ण मनाएं बकरीद, असमाजिक तत्वों पर पुलिस की होगी नजर





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व संपन्न करवाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता अरविंद देवाशीष टोप्पो और संचालन रोहित कुमार सिंह ने किया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर शामिल हुए. जिसमे मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव मौजूद रहे. बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने अमन और शांति के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील किया. साथ ही किसी भीं हाल में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं हो इस पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही. सीओ ने भी लोगो से भ्रांतियों से दूर रहकर त्योहार मनाने की बात कही. धारा 144 लगाए जाने की जानकारी दिया. नमाज स्थलों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जानकारी दी गई. लोगो को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है. सीडीपीओ ने दो टूक कहा कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालो पर पुलिस की पैनी नजर होगी. उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद अपशिष्ट पदार्थों को सुरक्षित रूप से विनष्ट किया जाए. किसी भी व्यक्ति के मानसिक या धार्मिक भावना को आहत करने का प्रयास नही किया जाए. जिप उपाध्यक्ष ने भी लोगो से बकरीद को शांतिपूर्ण मनाने के साथ प्रशासन से पुलिस गश्ती बढ़ाने की बात कही. इंस्पेक्टर ने भी लोगो से अफवाहों से दूर रहने और किसी भी प्रकार के समस्याओं को तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही. सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी करने से बचने की बात कही. बैठक को जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, डीएस डॉ पी ज्ञानी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया मनोज कुमार, गोविंद साहू, नारायण यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सदभावना विकास मंच राज सिंह चौहान, अर्जुन साव, मो मंसूर, मो बेलाल, देवधारी प्रजापति, रोहित यादव, मो रिजवान, पप्पू चंद्रवंशी आदि सहित कई लोगो ने अपनी बात रखी. बैठक में विभिन्न प्रखंड के विभिन्न पंचायत के कई लोग मौजूद थे. सबों ने एक मत से शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मानने की बात कही.

# सावन में बरसेगी भगवान शिव के साथ श्रीहरि विष्णु की कृपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** देवों के देव महादेव के लिए सावन का महीना बहुत प्रिय माना गया है। सावन में इस बार भगवान शिव के साथ श्रीहरि की कृपा भी बरसेगी। उक्त बातें मां तारा ज्योतिष संस्थान के आचार्य अनिल मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि सावन का महीना इस साल 4 जुलाई से शुरू होने वाला है। यह महीना भगवान शिव को बहुत ही प्रिय होता है। इस बार सावन का महीना बहुत ही खास है। दरअसल इस साल अधिकमास होने की वजह से सावन एक नहीं बल्कि पूरे दो महीने तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान चार नहीं बल्कि आठ सोमवार को भगवान शिव की पूजा और व्रत रखा जाएगा। खास बात ये है कि इस बार एकादशी के व्रत भी चार रखे जाएंगे। इस वजह से सावन का महत्व और भी ज्यादा हो गया है। अब सावन में भगवान शिव के साथ ही श्रीहरि की कृपा भी बरसेगी। इस बार सावन माह को बेहद खास माना जा रहा है। क्योंकि इस साल सावन एक नहीं बल्कि दो माह का होने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि ये अद्भुद संयोग करीब 19 साल बाद बन रहा है। इस वर्ष श्रावण महीने में अगर भक्तगण पूरे मन से भगवान भोलेनाथ के साथ विष्णु नारायण की आराधना, पूजन एवं अभिषेक करें तो उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती है। पौराणिक कथा है कि जिस महीने में सूर्य नारायण अपनी राशि नहीं बदलते वह महीना मलिन हो जाता है। जिससे इस माह का स्वामी बनने से सभी देवताओं ने मना कर दिया। फिर क्या था भगवान विष्णु ने इस माह को अपनाया और उसके स्वामी बन गए। पुरुषोत्तम मास में शुभ कार्य को वर्जित माना गया है। इस मास में शादी-विवाह करने से दाम्पत्य जीवन मे सुख नहीं रहता. साथ ही उपनयन संस्कार, अन्न प्रासन्न आदि शुभ कार्य नहीं किया जाता। स्कंदपुराण के अनुसार सावन महीने में एकभुक्त व्रत करना चाहिए। यानी एक समय ही भोजन करना चाहिए। इसके साथ ही पानी में बिल्वपत्र या आंवला डालकर नहाना चाहिए। इससे जाने-अनजाने में हुए पाप खत्म हो जाते हैं। इस महीने के दौरान भगवान विष्णु का वास जल में होता है। इसलिए इस महीने में तीर्थ के जल से नहाने का बहुत महत्व है। मंदिरों में या संतों को कपड़ों का दान देना चाहिए। इसके साथ ही चांदी के बर्तन में दूध, दही या पंचामृत का दान करें। कांसे के बर्तन में अन्न, फल या मधुर पकवान को रखकर दान करना चाहिए।



# झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले, कई घरों में घुसा पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा ।** सोमवार की सुबह से ही जिले में मानसून सक्रिय नजर आया। मंगलवार को सुबह भी दिनभर झमाझम बारिश हुई। मुसलाधार वर्षा के कारण खेत-खलिहान एवं सड़कों में पानी भर गया। महीनों से सूखी पड़ी नदियों में भी पानी बहने लगा। खेतों में भी पानी भर गया। जिसके बाद किसान हल बैल लेकर खेत तैयार करने में जुट गए। वर्षा के कारण तापमान में भी गिरावट आयी है। बारिश के कारण शादी समारोह कार्यक्रम में थोड़ी परेशानी हुई। पर लोग मानसुनी बारिश का जमकर स्वागत किया। साथ ही किसानों ने धान का बिचड़ा भी तैयार करना शुरू कर दिया है। हालांकि जून माह में औसत से काफी कम बारिश हुई है। सोमवार को 120 मिमी वर्षा रिकॉर्ड किया गया।मंगलवार को दिनभर हुई बारिश से शहरी क्षेत्र की सड़कों एवं गलियों में जगह जगह जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। जगह जगह नाली जाम रहने एवं नालियों का निर्माण नहीं होने का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कई मुहल्ले में तो बारिश का गंदा पानी घरों में घुस गया। इससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कच्ची सड़कें भी बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। इधर सदर प्रखंड अंतर्गत कुलुकेरा पंचायत में लोगों के घरों में पानी घुसने लगा है जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गांव की महिलाओं का कहना है कि बारिश की वजह से सड़क का पानी घर में घुस रहा है लेकिन पास के नाले में कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा स्लैब लगा दिया गया है जिसकी वजह से वहां पर पानी का निकास नहीं हो पा रही है उन्हें प्रखंड प्रशासन के माध्यम से अपील की है कि जल्द से जल्द लोगों के जल निकास की सुविधा की जाए ताकि लोगों को पानी में परेशानी ना हो।

## निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग करने का ग्रामीणों ने किया विरोध, काम रोका

# बिना जांच के रूका काम पुन: चालू कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** लघु सिंचाई प्रमंडल के जल संसाधन विभाग अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड कोरोमियां पंचायत के जपलंगा गांव में झापीगढ़ मध्यम सिंचाई योजना के तहत डैम जीर्णोद्धार कार्य, जिसको ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य कहकर बंद करा दिया था। वहीं एक सप्ताह बाद सोमवार को कुछ लोग थार गाड़ी से जपलंगा पहुंच कर कहने लगे हम विधायक के आदमी हैं तथा रौब दिखाते हुए कहने लगे कि विधायक का आदेश है काम चालू रहे कहते हुए बिना जांच किए निर्माण कार्य को पुनः चालू कराया गया। ज्ञात हो कि जपलंगा झापीगढ़ डैम जीर्णोद्धार कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने, खराब सीमेंट इस्तेमाल करने, ढलाई में चिप्स के जगह मेंटल इस्तेमाल करने तथा जोड़ाई के बीच खाली जगह को मसाला से नहीं भरने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने 17 जून शनिवार को काम बंद करा दिया था तथा 19 जून सोमवार को ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का के द्वारा कार्य का निरीक्षण कर जांच की मांग किया गया जांच तो हुई नहीं लेकिन एक सप्ताह बाद 26 जून सोमवार को विधायक के लोगों ने ग्रामीणों के पास जाकर रौब दिखाते हुए विधायक का आदेश है कहकर पुनः निर्माण कार्य शुरू कराया। वहीं फिर से ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का से आग्रह किया है कि गांव में सिंचाई कार्य के लिए डैम का जीर्णोद्धार हो रहा है तो गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिले, ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर निर्माण कार्य घटिया हो तो बरसात में डैम टूट जाएगा तो सैकड़ों एकड़ जमीन बंजर हो जाएंगे। वहीं ग्रामीणों ने सरकारी मानक से कम दैनिक मजदूरी देने तथा निर्माण कार्य में काम देखरेख करने वाले मुंशी मुरारी बड़ाईक द्वारा दस साल उग्रवादी पार्टी में काम करते हुए यही आसपास घूमकर यही डैम का पानी पीये हैं कहकर डराने एवं डैम का गंदा पानी पीने पर मजबूर करने का भी आरोप लगाया है। वहीं ठेठाईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य एक्का ने कहा कि मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों को सही मजदूरी मिलना चाहिए। वहीं निर्माण कार्य बिना जांच किए पुनः चालू करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने गांव के विकास के लिए अपनी जमीन डैम के लिए दी है ।लेकिन ग्रामीणों के लिए उन्हीं की जमीन पर कब्र खोदने का काम किया जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य के कारण डैम टूट जाता है तो उस क्षेत्र में खेती बारी करना दुर्लभ हो जाएगा। सैकड़ों एकड़ जमीन बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को देकर जांच की मांग करेंगे तथा मजदूरों को उचित सम्मान जनक मजदूरी की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य के साथ श्रम अधीक्षक सिमडेगा का कार्यालय पहुंचकर उचित दैनिक मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है।

## बानो में प्रखंड स्तरीय खरीफ फसल सह मिलेट्स का कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखण्ड के सभागार में प्रखण्ड स्तरीय खरीफ फसल सह मिलेट्स का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी यादव बैठा सीओ खगेन महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर यादव बैठा ने कहा खरीफ फसल की खेती कर किसान अच्छी आमदनी कमा सकते हैं।खरीफ फसल की खेती के लिये अधिक मेहनत की भी जरूरत नही पड़ती है।बानो प्रखण्ड की जमीन खरीफ फसल के लिए उपयुक्त है।बी टी एम सुनील समद ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज खेती के लिये कई नए तकनीक आ गए हैं। खरीफ फसल में अधिक उपज पाने के लिये श्री विधि के माध्यम से खेती कर सकते हैं। मौके पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी लक्ष्मण महतो ,एटीएम ओबेदुल्लाह श्याम कुमार, बांकी पंचायत मुखिया अजय डांग,एफ ए सी अध्यक्ष जीवन समद आदि लोग उपस्थित थे।

## ठेठईटांगर में जनता दरबार

# विधायक ने जरूरतमंदों के बीच बांटा परिसंपत्ति



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठईटांगर प्रखंड कार्यालय में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम आयोजन किया। मौके पर उन्होंने कहा जनता की जो भी समस्या है वह लेकर आए ताकि में उन समस्या का समाधान किया जा सके।आपने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है आपकी समस्याओं और परेशानियों का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है अगर आपको कोई दिक्कत हो तो बेहिचक और निर्भीक होकर बताएं उसे दूर किया जाएगा इस जनता दरबार के माध्यम से मुझे आपसे सीधे जुड़ने का मौका मिलता है उन्होंने कहा राज्य के गरीबों को ध्यान में रखकर कई योजनाएं बनाई गई जिससे ये लोग अपने पैरों पर खड़ा हो सके सरकार यह प्रयास कर रही है कि गरीबों का विकास हो लोगों को रोजगार मिले।बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले,हमारा राज्य कुपोषित ना रहे।उन्होंने कहा विधायक का सबसे पहला कर्त्तव्य होता है जनहित में नीति निर्धारण कर पैसे का व्यवस्था कर जनता को सुविधा प्रदान करना।आज इन्हीं सब कल्याणकारी योजना को आम जनता तक पहुंचे, इसलिए आज मैं जनता दरबार लगाया हूं। साथ ही साथ परिसम्पति में दिव्यांग, साइकल बैसाखी, जॉब कार्ड, अन्य का बितरण किया गया कार्यक्रम में ठेठईटांगर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, मोहम्मद कारू आदि उपस्थित थे।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान मे कोलेबिरा प्रखंड मे समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है इस कैंपे के तहत के सभी गांव-समुदाय मे 125 स्वयंसेवकों के द्वारा कक्षा के शैक्षणिक रूप से पिछड़े बच्चों के साथ 4 सप्ताह तक कैंप संचलित किया जा रहा है। वहीं शिक्षा के लिए शिक्षा कार्यक्रम के तहत सभी स्वयंसेवकों को गूगल आधरित बी इन्टरनेट ऑशम डिजिटल जागरूकता कोर्स करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस कोर्स को करने से स्वयंसेवक जहां खुद को साइबर फोर्ड के शिकार होने से बचेंगे इसके साथ ही समुदाय में साइबर अपराध से बचाव में जागरूकता आएगी। संस्था के प्रखंड लीडर कीर्ति राज साहु ने बताया कि आज के समय में जिस प्रकार लोगों के द्वारा इन्टरनेट, मोबाइल का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं ऐसे में इससे खतरे भी बढ़ रहे है । साईबर अपराधी अलग अलग तरीके से झांसा देकर लोगों को अपने चपेट में ले लेते हैं, एवं जीवन भर की उनकी गाढ़ी कमाई एक गलती से चपत कर जाते हैं। बी इन्टरनेट ऑशम कोर्स पूरी तरीके से वर्चुअल तरीके से कराया जा रहा है । इंटरनेट शेफ्टी आधरित यह कोर्स स्वयंसेवकों के लिए काफी जानकारीपरक एवं उपयोगी सिद्ध हो रहा है। प्रखंड में संचालित समर कैंप का सफल संचालन हेतु प्रथम टीम से पंकज कुमार, अनीता, तारा पन्ना, रीना कुमारी द्वारा निरंतर फिल्ड मॉनिटरिंग एवं सपोर्टिंग किया जा रहा है।

## भाजपा बोलबा के कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर मोदी सरकार के कार्यों की दी जानकारी



**बोलबा।** भाजपा बोलबा मंडल द्वारा मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल पूरा होने पर मेरा बूथ,सबसे मजबूत मध्यप्रदेश के भोपाल से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को लेकर देशभर के भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया इधर बोलबा मण्डल अध्यक्ष सुरजन बडाईक अपने भाजपा कार्यकर्ता के साथ लाइव टीवी देखकर गांव, टोलों, घरों में भाजपा कार्यकर्ता के साथ डोर टू डोर जाकर महिलाओं के साथ पत्रक बांटकर मोदी सरकार के 9 साल के सेवा सुशासन,और गरीब कल्याण योजना के तहत मोदी द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए कहा गया अगला 2024 में फिर से मोदी सरकार हो।इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से जूट जाएं,और भारत मोदी की अगुवाई में विश्व गुरू हो यही भावना से काम करें।

# सिमडेगा : शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद की बजरंग दल इकाई के द्वारा जिले में रक्त की कमी को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को बारिश के बीच सदर अस्पताल सिमडेगा स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुरूआत विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ,महामंत्री कृष्णा शर्मा एवं बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जयसवाल सहसंयोजक राजेंद्र मेंहर के द्वारा की गई। इस मौके पर सुमित कुमार, रोहित शर्मा ,रजनीश अग्रवाल, नितिन कुमार ,सोनू बड़ाईक, दीपक राम, राहुल कुमार, ध्रुव कुमार, सोनू कुमार, धीरू कुमार,हरि कुमार, रिकी सोनी, गणेश कुमार सहित कुल 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि जिले में रक्त की कमी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है ताकि रक्त की कमी से किसी भी मरीज की परेशानी ना उन्होंने कहा कि अब बजरंग दल प्रत्येक महीना इसी प्रकार रक्तदान शिविर का आयोजन करते हुए जिले में रक्त की कमी को पूरा करने का कार्य करेंगी।

## झूमे भक्त | प्रेरणा शाखा ने श्याम मंदिर में किया भजन संध्या का आयोजन

# भजन संध्या के कलाकारों ने बांधा समां





**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** शहर के अडडी बंगल स्थित श्याम मंदिर में प्रेरणा शाखा ने भजन संध्या का आयोजन किया। इस अवसर पर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद पितर जी के भजन के अलावा श्याम बाबा श्री रानी सती दादी जी, वीर हनुमान, बाबा भोलेशंकर पर राजस्थानी क्लासिक्ल आधारित भजन प्रस्तुत किया गया। भजन गायक हार्दिक लडढा, तन्मय लडढा ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खुब झुमाया। इस अवसर पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लडढा ने कहा कि शाखा का मुख्य उद्धेश्य समाज सेवा है और समाज सेवा के साथ -साथ धर्म संस्कृति भाषा का बोध वर्तमान पीढी को करवाना है। इसी उद्धेश्य से मारवाड़ी भाषा पर आधारित भजन बच्चों को प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। उन्होनें यह भी कहा कि शाखा के द्वारा जुलाई माह में नेकी के दीवार के तहत वस्त्र जूता एवं अन्य सामाग्री का वितरण किया जायेगा। वहीं सरकारी विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। वहीं सावन मिलन व गौ आहार कार्यक्रम मधुमेह जागरूकता शिविर जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। भजन संध्या में उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, कोषाध्यक्ष सीए गुंजन अग्रवाल, शीतल पोददार, स्वेता गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, सरिता अग्रवाल, आशा बाजाज, रश्मि गुटगुटिया, अनु संघई, मीनी हिसारिया, संतोष हिसारिया, पूनम हिसारिया, वीणा जैन, सुनीता वर्णवाल, आदि उपस्थित थे।

# कोडरमा स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत किया गया. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता रांची से इस ट्रेन में सवार होकर कोडरमा पहुंचे. कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6- 7 पर रेल प्रशासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थल पर ट्रेन के पहुंचने पर ढोल नगाड़े एवं फूलों की बारिश के साथ ट्रेन का स्वागत किया गया. इस दौरान स्कूली छात्राओं के द्वारा पारंपरिक झारखंडी नृत्य भी प्रस्तुत किए गए. सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उद्घाटन के मौके पर उन्हें भी रांची से कोडरमा तक सफर करने का अवसर प्राप्त हुआ. रांची से कोडरमा तक के सफर में झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य देखने का मौका मिला. उन्होंने कहा कि झारखंड में पर्यटन के दृष्टिकोण से भी यह ट्रेन काफी महत्वपूर्ण है. इस आधुनिक ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे के साथ वाईफाई, बेहतर कैटरिंग, मूविंग चेयर समेत यात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है. सांसद ने कहा कि जल्द ही न्यू गिरिडीह मधुपुर होते हुए रांची तक इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जाएगा. इसको लेकर तैयारियां की जा रही है. कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आज का दिन काफी ऐतिहासिक है. कोडरमा में इस ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को रांची-पटना जाने में काफी सहूलियत होगी. ट्रेन में सवार होकर पहुंचे बरही के विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने कहा कि उनके द्वारा मंडल के डीआरएम से बरही स्टेशन पर भी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव देने की मांग की गई है, ताकि बरही वासियों को भी इसका लाभ मिल सके. वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए हजारीबाग सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली के छात्र-छात्राओं ने हजारीबाग से कोडरमा तक वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर किया.

# 50 प्रतिशत अनुदान पर धान व मक्के के बीज वितरण का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** किसान उत्पादक संगठन विष्णुवल्लभ ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के अहिरपुरवा स्थित कार्यालय में मंगलवार को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान एवं मक्का बीज वितरण का शुभारंभ किया गया। बीज वितरण का शुभारंभ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेष चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार पासवान, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे ने संयुक्त रूप से किसानों को बीज प्रदान कर किया। इस मौके पर उपस्थित किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान के विभिन्न प्रजाति एवं मक्का का बीज प्रदान किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एफपीओ किसानों की आमदनी बढ़ाने में काफी मददगार साबित हो रहा है। अधिक से अधिक किसान एफपीओ से जुड़कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी तभी बढ़ सकती है जब खेती में लागत घटे और उत्पादित अनाज का उचित मूल्य किसानों को प्राप्त हो। सरकार सर्वप्रथम किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध करवाकर लागत को कम करने का कार्य किया है। एफपीओ के चेयरमैन बाबूलाल दुबे ने कहा कि एफपीओ से जुड़कर किसान सस्ते दर पर खाद एवं बीज प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर धान का हाइब्रिड 6444, पीएनपीएच 24, डीआरआरएच 2, आई आर 64 एवं मक्का एन एम एच 803 प्रजाति का बीज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार एफपीओ से जुड़े किसानों को सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ प्रदान कर रही हैं । इस मौके पर कुमार कनिष्क, धनन्जय चौबे, प्रिंस पटेल, भरत कुशवाहा, प्रमोद गुप्ता, सोना चौधरी, अवधेश मेहता, कृष्णा मेहता आदि किसान उपस्थित थे।

### किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखण्ड के ग्राम केतार में परमार्थी फार्मर प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा किसानों के बीच 50% अनुदान पर धान और मक्का का बीज वितरण किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित कंपनी (परमार्थी फार्मर प्रड्यूसर कंपनी लिमिटेड केतार) के निर्देशक प्रदीप कुमार गुप्ता, सचिन कुमार, आनंद प्रसाद गुप्ता एवं संतोष प्रसाद के सहयोग से बीज वितरण समारोह का आरंभ किया गया। मौके पर उपस्थित कंपनी के सदस्य राम भजन गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद, मोजाहीम अंसारी, राकेश कुमार मेहता, अमरीका मेहता, विनोद गुप्ता, पंकज जायसवाल, विजय पाल, गोरख कुमार पाल, विकाश कुमार मेहता, राजेश्वर साह, सनेश कुमार, निलेश प्रसाद, राजेश कुमार मेहता, बलराम सिंह, बृजनंदन मेहता, रमेश राम, इत्यादि किसान उपस्थित थे।

## टैंकर चालक को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धुप की वजह से कुआं, कल नदी का जलस्तर नीचे चला जाने की वजह से लगभग सभी वार्डों में पानी का किल्लत हो गया था। मूलभूत सुविधा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले पानी को लेकर लोगों को चिंता सता रही थी। तो वहीं नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के पानी टैंकर से निर्बाध जलापूर्ति लगभग सभी वार्डों में किया गया। निर्भय पेयजलापूर्ति करने पर नगर पंचायत के पानी टैंकर चालक श्यामनाथ रजवार एवं सुपरवाइजर रामाशीष राम को वार्ड संख्या 3 के आमजनों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने के दौरान वार्ड संख्या के कई आमजन उपस्थित थे।

## बकरीद का पर्व शांति सौहार्दता के साथ मनाने का लिया निर्णय

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसस्र प्रमोद केशरी ने की। जबकि संचालन थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। ब डीएसपी प्रमोद केशरी ने कहा कि पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाई चारे के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में मनाना चाहिए। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई हिंसा एवं अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि पर्व के दौरान किसी तरह का आपत्तिजनक टिप्पणी, भ्रामक, अफवाह पोस्ट करने या फैलाने वाले लोगों के ऊपर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और उसपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड वासियों से बकरीद का पर्व भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की गयी। मौके परबीडीओ जयपाल महतो सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव,एसआई कुंदन यादव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, प्रमुख शोभा देवी, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, पूर्व बिस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, अनुमंडल विधायक,दयानंद सोनी, बीडीसी चंदन ठाकुर, पूर्व मुखिया मधु लता कुमारी, जयराम पासवान, महेंद्र पासवान, शंभू सेठ, सलाउद्दीन अंसारी, असमउद्दीन अंसारी, जमालुद्दीन मियां, रहीम अंसारी, मकबूल अंसारी, सूर्यकान्त कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**भवनाथपुर।** केतार मुख्य मार्ग पर सिंघिताली गांव के समीप हरिचन मोड़ पर मंगलवार को बाईक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में सिंदुरिया निवासी प्रवेश कुमार साह पिता विजय साह तथा चपरी गांव निवासी हरिकेश साह पिता रामपृत साह का नाम शामिल है। उक्त दोनों घायलो को ईलाज हेतु 108 नामक एम्बुलेंस से लाकर स्थानीय सीएचसी भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उक्त दोनों युवक एक ही बाईक पर सवार होकर भवनाथपुर से सिंघिताली के तरफ जा रहे थे। कि अचानक तेज रफ़्तार बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उक्त दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुखिया ने सम्मानित किया

**केतार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को आठवी कक्षा बोर्ड परीक्षा मे उत्कृष्ट स्थान लाने वाले सभी भैया,बहनों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने आठवी वर्ग में 26 भैया ,बहनों को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया।इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा की आप सभी लोग हमेशा मेहनत से पढ़ाई करे,एक दिन आपको निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी। इस मौके पर विप्रस अध्यक्ष राम विचार साहू, संरक्षक नन्द कुमार प्रजापती, कोषाध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, धनन्जय विश्वकर्मा,दीनानाथ चौधरी सुदीप पाल ,रमेश पाल ,श्वेता कुमारी,मीना कुमारी,चन्दा कुमारी ,कुशुम कुमारी उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में मां बेटा घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के टंडवा में हुई। बाईक दुर्घटना में मां बेटा घायल हो गए दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के ओखरगाड़ा गांव निवासी राजमणि भैया की पत्नी फुलमतिया देवी और उसका पुत्र सोनू कुमार शामिल हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों मेदनीनगर से अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान टंडवा में एक खड़ी कार पर बैठे लोगों ने अचानक गेट खोल दिया। उसी दौरान बाइक से उक्त दोनों घायल गाय स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**भवनाथपु (गढ़वा)।** कांडी मुख्य पथ के कैलान के गिजीनिया जरही के पास दो बाईक के आपस में आमने सामने के टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेन्स से भर्ती कराया गया। जहां डॉ निशंक निश्रम ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोंगो को बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। घायलो में राजेंद्र लाल उर्फ छकु लाल 45वर्ष व मानमती कुंवर, 45वर्ष दोनों सिंदुरिया टाउनशिप निवासी तीसरा पवन कुमार सोनी 14 वर्ष डगर निवासी के नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि राजेन्द्र लाल अपने बाईक से मोहमद गंज से मानमती कुंवर के साथ टाउनशिप वापस आ रहा था। जबकि पवन कुमार टाउनशिप से डगर बाईक से जा रहा था कि कैलान के गीजीनिया जरही के पास तीखे मोड़ पर दोनों बाईक आपस में टकरा गए। इस घटना में राजेंद्र लाल का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो चुका है।

### अजय वर्मा पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित

**केतार (गढ़वा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केतार प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त रहने और दुसरे पार्टी का आमंत्रण पत्र बांटने का आरोप लगाकर परसोडीह गांव निवासी अजय वर्मा को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने की अनुशंसा किया है। उन्होंने मंगलवार को पत्र लिखकर इसकी जानकारी झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम को दी है। पत्र में उल्लेख किया है की अजय वर्मा शुरू से ही पार्टी का कोई भी कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं रहते हैं। दूसरे पार्टी का निमंत्रण पत्र बांटना घोतक है। उन्होंने इसका प्रमाण के तौर पर एक फोटो भी पत्र में संलग्न किया है।

### केतार पंचायत में पैक्स अध्यक्ष चुनाव स्थगित

**केतार (गढ़वा)।** केतार पंचायत में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी मनोज प्रसाद गुप्ता ने दिया। उन्होंने बताया की 22 जून को केतार पैक्स के प्रबंधकारिणी कमिटी के गठन हेतु नामांकन हुआ था। लेकिन अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ चार आवेदन प्राप्त हुए। इस परिस्थिति में चुनाव प्रारंभ करना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा की पैक्स झारखंड सहकारिता अधिनियम के आलोक में चुनाव कार्यक्रम अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। गौरतलब है कि पैक्स अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव चिन्ह भी आवंटित हो गया था। चुनाव मैदान में मिथलेश कुमार गुप्ता और रवि कुमार रवि के बीच सीधा मुकाबला था,मतदान और मतगणना 4 जुलाई को होना था।

### खराब जलमीनार की शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश

**गढ़वा।** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार, गढ़वा में बैठक रखी गई। जिसमें विकास से संबंधित योजना की जानकारी सभी विभागों से क्रमशः लिया गया। जिसके अंतर्गत 15वें वित्त अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जितने भी जलमीनार खराब हैं। उसे शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश सभी पंचायत सचिव को दिया गया तथा मनरेगा से संबंधित चल रही योजनाओं की जानकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से लिया गया। निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों में चल रही योजनाओं का कार्य 100% मजदूरों से कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परिस्थिति में जेसीबी का उपयोग ना हो। बैठक में जेएसएलपीएस के बीपीएम से कार्य की जानकारी लिया गया। साथ ही कहा कि कार्य धरातल पर दिखना चाहिए और महिला समूह को इसका लाभ मिलना चाहिए।

## बकरीद पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। वीडियो प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दोनों समुदाय के लोगों के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अंचलाधिकारी निकिता बाला प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी वीडियो प्रवेश कुमार साव ने उपस्थित लोगों से त्यौहार के शांतिपूर्ण आयोजन में भागीदारी निभाने असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने उत्पाद तथा अप्रिय घटना का संदेह होने पर प्रशासन को त्वरित सूचना देने को कहा। प्रभारी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने त्योहार को मनाने के लिए प्रशासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन जानकारी देते हुए कहा कि, त्यौहार के दिन प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक की नमाज संपन्न करें, प्रतिबंधित पशुधन की बली नहीं दे। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से बचें, क्योंकि भड़काऊ पोस्ट करने वाले के ऊपर प्रशासन द्वारा पैनी निगाह रखी जा रही है। जनप्रतिनिधि तथा बुद्धिजीवी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर निगाह रखें। अजीत कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया कि सूचना मिलने के बाद 10 मिनट के अंदर प्रशासन आपके पास होगा। मौके पर उपस्थित प्रखंड उप प्रमुख निजामुद्दीन खान ने भी लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर एएसआई संजय कुशवाहा अंचल निरीक्षक कपिल देव माझी, मेराल दक्षिणी जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी, झामुमो युवा जिला सचिव अतहर अली अंसारी, मुखिया रामसागर मेहता अजीज अंसारी,खालिद अंसारी धर्मराज राम भाजपा नेता उदय कुशवाहा राजेंद्र चौधरी जगजीवन राम रविंद्र गुप्ता सदर अमीर हमजा अंसारी सिग्रेट्री डॉक्टर इलियास अंसारी मुन्ना राम शिवकुमार चौधरी मुखिया सुरेश राम संजय राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धि पुस्तक का वितरण किया

**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया सांसद प्रतिनिधि कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद को लैपटॉप के माध्यम से सुना। ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद को जिले के सभी बूथों पर बुध कार्यकर्ताओं के द्वारा सुना गया है। साथ ही जिला अध्यक्ष के द्वारा केंद्र सरकार के 9 वर्ष के उपलब्धि पुस्तक का उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रुपनिरंजन सिन्हा, जिला महामंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल केसरी, सुमित गोस्वामी, अशोक गुप्ता, दिलीप तमोली, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा के 9 साल, बेमिसाल कार्यक्रम की धूम



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** मंगलवार को खरौंधी बाजार में 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता शिवधारी राम तथा रघुराज पांडे ने जनसंपर्क कर लोगो को केंद्र सरकार की उपलब्धि को बताया। अनसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवधारी राम ने कहा पूरे भारत में भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत केंद्र सरकार की 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के कार्यों को लोगों से बताया जा रहा है। साथ ही कहा केंद्र सरकार 80 करोड़ लोगो को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन का वितरण किया। 3 करोड़ गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिया। 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत सलाना 6000 रुपए का आर्थिक मदद किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11 करोड़ 72 लाख लोगों का शौचालय निर्माण कराया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन तथा सिलिंडर वितरण किया गया। वहीं प्रदेश कार्य समिति सदस्य रघुराज पांडेय ने कहा 30 मई से लेकर 30 जून तक भाजपा पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। इस कार्यक्रम के तहत देश के सभी मतदाता मालिको के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत उनके उपलब्धि को बता रहे है। भाजपा देश की पहली ऐसी पार्टी है जो मतदाता मालिको को किए गए कार्यों को बता रही है। इसके पूर्व में भी सरकारें थी लेकिन किसी पार्टी ने हिम्मत नही जुटा पाई। वे चुनाव के समय सिर्फ आते थे और वोट ठग कर चले जाते थे। आज भाजपा के नेता तथा कार्यकर्ता पूरे देश में मतदाताओं से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को बता रही है। इसी के तहत खरौंधी में भी मतदाताओं से मिलकर प्रधानमंत्री के कार्यों को बताया गया। इस कार्यों से मतदाताओं का समर्थन के साथ उनके चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, अरुण कुमार सिंह, राजकुमार निराला, कन्हाई राम, अवधेश राम आदि उपस्थित थे।

## एसटीआई/आरटीआई ट्रेनिंग एवं अहाना इएमटीसीटी कार्यक्रम की हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्वास्थ्य विभाग एवं सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय एसटीआई, आरटीआई ट्रेनिंग एवं अहाना इएमटीसीटी कार्यक्रम का समीक्षा बैठक सिविल सर्जन,लोहरदगा के सभागार पर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड से चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड डाटा प्रबंधक,स्टाप नर्स,लैब टेक्नीश्यन एवं अहाना इएमटीसीटी कार्यक्रम के पदाधिकारी उपस्थित हुऐ। प्रभारी सिविल सर्जन, डॉ दीनानाथ सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने 2024 तक मां से बच्चे को एचआईवी व सिफलिस संक्रमण के उंन्मूलन का लक्षय रखा गया हैं। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति पर विशेष रूप से सभी को कार्य करने की जरुरत है। सभी गर्भवती महिलाओं का एचआईवी एवं सिफलिस जांच करवाने की जरुरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एचआईवी एड्स के प्रसार तथा रोकथाम के तरीकों को बताया। यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गैर संचारी रोग की जानकारी, माहवारी संबंधित जानकारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ सुलामी होरो, जिला आर0 सी एच पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक आहाना, सिनी के ओमप्रकाश शर्मा, डॉ अर्चना प्रसाद,जाहिद अंसारी जिला डाटा प्रबंधक,नाजिश अखतर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ,बिंदेशवर भगत,मो आबिद,आलोक कुमार,जेवियर हेमन्त कुजूर आदि मौजूद थे।

## प्रीतम को झारखंड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री में मिला द्वितीय पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के जाने-माने छायाकार और कई फिल्म सहित म्यूजिक एल्बम में विभिन्न माध्यमों से अपनी भूमिका निभा चुके लोहरदगा के न्यू रोड निवासी प्रीतम कुमार को झारखंड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला है। फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 23-25 जून 2023 को सरला-बिरला विश्वविधालय रांची में चित्रपट झारखंड द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से फिल्मकार शामिल हुए थे। इस तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में कुल 60 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया था। झारखंड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में फिल्मों का 10 विषय निर्धारित किया गया था। जिसने जनजातीय समाज, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, वोकल फोर लोकल, झारखंड का इतिहास, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, सामाजिक सद्भाव, रोजगार सृजन, भविष्य का भारत जैसे विषय शामिल थे। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्देशन प्रीतम कुमार ने किया है।

**आस्था**

### संसारिक विषय भोग में स्थायी सुख की प्रासि संभव नहीं है

# जीवन में मनोरथ का अंत नहीं होता : जीयर स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर (गढ़वा)।** नगर-मानव जीवन में मनोरथ का अंत नहीं होता बल्कि एक पूरा हुआ नहीं, कि दूसरा मनोरथ खड़ा हो जाता है। बालपन से वृद्धावस्था तक उम्र के हर पड़ाव पर स्नेह और कामनाएं बदलती रहती हैं, लेकिन सुख मृग-तृष्णा बना रहता है। उक्त बातें जीयर स्वामी जी ने कहा। उन्होंने कहा कि मनुष्य का स्नेह एवं सुख की कामना बाल्यकाल से ही परिवर्तित होता रहता है शिशु काल में बच्चा मां की गोद में रहना सुख मानता है। बड़ा होने पर पिता के गोद में। फिर साथियों के साथ खेलने में सुख पाता है। विवाह होने के बाद पत्नी के सान्निध्य में सुख का अनुभव करता है। इस तरह माँ से शुरू स्नेह उत्तरोत्तर पुत्र-पौत्र की ओर बढ़ता जाता है, लेकिन वास्तविक सुख की प्राप्ति नहीं होती। उन्होंने कहा कि सुख केले के थम्भ की भांति है। थम्भ से परत दर परत छिलका हटाते जायें, लेकिन सार तत्त्व की प्राप्ति नहीं होती। सांसारिक विषय भोग में स्थायी सुख (आनन्द) की प्राप्ति संभव नहीं है, क्योंकि ये त्रिगुणी हैं गुण (सत्त्व रज और तम) हमेशा परिवर्तनशील हैं। मनुष्य का यह भ्रम है कि वह वस्तुओं का भोग करना है; वास्तविकता तो यह है कि वस्तुएं ही उसका भोग करती हैं उन्होंने कहा कि राजा भर्तृहरि कहते हैं। 'भोगा न भोक्ता वयमेव भोक्ता यानी हम वस्तुओं का भोग नहीं करते हैं, वस्तुएं ही हमें भोग लेती हैं। अतः विषयों के उपभोग के प्रति अतिशय प्रवृत्ति न रखें। श्री स्वामी जी ने कहा कि अपने परिवार के साथ रहें। उनका भरण-पोषण भी करें लेकिन जीवन भर उसमें अटके-भटकें नहीं। जैसे रेलवे स्टेशन पर बैठा यात्री, स्टेशन की सुख-सुविधा का उपयोग करे, लेकिन ट्रेन आने पर उस सुविधा को त्यागकर ट्रेन में बैठ जाएं। इसलिए मानव का धर्म है कि परिवार रूपी प्लेटफार्म का अनासक्त भाव से सदुपयोग करे, ताकि जीवन यात्रा के क्रम में यह बाधक नहीं बने। उन्होंने कहा कि आसक्ति दुख का कारण है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को शरीर त्यागने के समय जिस बिषय बस्तु में उसकी आसक्ति रहती है,उसी योनि में जन्म लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि काशी में गंगा की एक ओर एक वेश्या रहती थी। वह अर्थोपार्जन के लिए वेश्यावृत्ति में लगी रहती थी। दूसरी ओर मंदिर में पुजारी पूजा करते थे आरती और शंख ध्वनि की तरंगों से वेश्या प्रभावित होती, कि काश! ऐसा अवसर हमें प्राप्त होता उसका मन मंदिर में अटका रहता,दूसरी ओर पुजारी वेश्या के नृत्य एवं ताल-तरंग से प्रभावित होकर अपना ध्यान वेश्यालय में कायें रहते थे।मन के भटकाव से मरणोपरांत वेश्या मोक्ष को प्राप्त की और पुजारी वेश्या के घर जन्में भगवान कृष्ण ने भी गीता के आठवें अध्याय के छठवें श्लोक में कहा है कि 'यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवर, तं तमेवैति कौन्तेय सदा तद्भावभवितः हे कुन्ति पुत्र अर्जुन! यह मनुष्य जिस-जिस भाव को स्मरण करता हुआ शरीर का त्याग करता है, उसको वही प्राप्त होता है। स्वामी जी ने कहा कि मानव को अपने शरीर नहीं आत्मा के उद्धार का प्रयास करना चाहिए चंदन से शरीर जलाने से केवल शरीर का उद्धार होता है। आत्मा का इससे कोई वास्ता नहीं। मन पवित्र हुआ तो सब पवित्र होगा। इसलिये मन के भटकाव व चंचलता को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति चौबीस घंटे में 21,600 बार श्वांस लेता है।

# वज्रपात व हमारे स्कूल

***बरसात*** का मौसम शुरू हो गया है। पठारी क्षेत्रों में वज्रपात की शुरूआत हो चुकी है। ऐसे में बच्चों को वज्रपात से बचाने के लिए तड़ित चालक का होना जरूरी है। झारखंड पठारी क्षेत्र में आता है। ऐसे में वज्रपात यहां आम बात है। लेकिन इस दिशा में सरकार की उदासीनता देखने को मिल रही है। हालांकि ऐसी बात भी नहीं है कि इस पर स्कूल और साक्षरता विभाग या आपदा प्रबंधन की नजर नहीं है। लेकिन सुरक्षा कवच के तौर पर इस ओर बहुत कार्रवाई हुई है। कुछ साल पूर्व इस दिशा में पहल की गई थी। परंतु हाल के दिनों में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जांच में जो बात सामने आयी है वह यह कि पहले जिन स्कूलों में तड़ित चालक लगाये थे,वह या तो चोरी हो गये या खराब हो गये हैं। वर्तमान में देखा जाये तो 99 प्रतिशत स्कूल तड़ित चालक विहीन हैं। हालांकि कुछ साल पहले तड़ित चालक लगाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था,लेकिन बिल्डिंग बायलाज के कुछ प्रावधानों के कारण इस पर स्वीकृति नहीं मिल सकी। सवाल यह कि यदि इसमें किसी प्रकार की तकनीकी समस्या है तो उसे दूर किया जाना चाहिए। सरकारी स्कूलों की बात करें तो समग्र शिक्षा अभियान तथा राज्य बजट से अरबों रूपये की योजनायें संचालित होती हैं। प्रत्येक वर्ष स्कूलों के जीर्णोद्वार के लिए भी राशि आवंटित होती है। स्कूलों को इसके लिए प्रतिवर्ष छात्र संख्या आधार पर अनुदान भी दिया जाता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि तड़ित चालक अधिष्ठापन में पैसा कहीं से बाधक नहीं है। आवश्यता है तो बस ठोस निर्णय लेने की। न केवल सरकारी, बल्कि सहायता प्राप्त गैर सरकारी तथा निजी स्कूलों के भवनों में तड़ित चालक लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए। आखिर सवाल बच्चों की सुरक्षा की है। बहरहाल आज के इस परिवेश को देखते हुए हमे यह निर्णय लेना होगा कि शिक्षा क्षेत्र के साथ किसी प्रकार की लापरवाही न हो। तड़ित चालक की चोरी का होना यह दर्शाता है कि हमारी व्यवस्था आज चरमराई हुई है। स्कूल से आखिर तड़ित चालक की चोरी करने वाला बाहर का व्यक्ति कतई नही हो सकता है। वह उसी गांव या आस-पास का आदमी होगा। ऐसे में अमुक गांव के किसी व्यक्ति या मुखिया का इस पर संज्ञान नही लिया जाना यह दर्शाता है कि यहां घोर लापरवाही प्रत्येक क्षेत्र में होती है। साथ ही उस स्कूल के शिक्षकों की चुप्पी भी कई सवालों को जन्म देती है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। जहां एक ओर स्कूल में जाने के लिए सड़क नहीं है। वहीं दूसरी ओर इस बरसात में छतों से पानी टपक रहें हैं। ऐसे में इन बच्चों के साथ किये जा रहे व्यवहार किसी भी सभ्य समाज के लिए जायज नहीं है। तड़ित चालक प्रत्येक स्कूल में होना इस लिए भी जरूरी है कि झारखण्ड की भौगोलिक स्थिति कुछ ऐसी है कि वज्रपात की संभावना हर समय लटकी रहती है। शिक्षा के मंदिर को हम जितना आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण रखेंगे, उतना ही उसका विकास होगा। अमूमन यह देखा जाता है कि स्कूलों में इस बदलते दौर में भी घोर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में सरकार के भरोसे रह कर विकास की परिकल्पना थोड़ी बेमानी सी लगती है। इसलिए समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनात है कि वह समाज में जागृति लाने का प्रयास करे।

**सरकारी स्कूलों की बात करें तो समग्र शिक्षा अभियान तथा राज्य बजट से अरबों रूपये की योजनायें संचालित होती हैं। प्रत्येक वर्ष स्कूलों के जीर्णोद्वार के लिए भी राशि आवंटित होती है।**

# डॉक्टर्स के ब्रेन डेन को नजरअंदाज मत करिये




डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***देश*** से डॉक्टर्स का ब्रेन ड्रेन यानी प्रतिभा पलायन इस मायने में महत्वपूर्ण और गंभीर हो जाता है कि देश में चिकित्सकों की आज भी बेहद कमी का सामना करना पड़ रहा है। देश के करीब 75 हजार डॉक्टर्स ओईसीडी यानी कि आर्थिक सहयोग व विकास संगठन से जुड़े देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ताजातरीन उदाहरण देश के सबसे बड़े दिल्ली के एम्स का ही देखा जा सकता है, जहां पिछले दस माह में सात विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने किसी न किसी कारण से सेवाएं देना बंद कर दिया है। आज दस हजार से अधिक लोगों को प्रतिदिन सेवाएं देने वाले एम्स में ही 200 डॉक्टर्स की कमी चल रही है। यह तो एक मिसाल मात्र है। इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे चिकित्सकों की काबिलीयत और विशेषज्ञता के कारण ही विदेशों में अपनी पहचान बनाये हुए हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार ओईसीडी देशों में रह रहे 75 हजार डॉक्टर्स में से करीब दो तिहाई तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह तो मानना पड़ेगा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है पर अभी बहुत कुछ किया जाना है। कोविड के दौरान तो दुनिया में श्रेष्ठतम कार्य करने के बावजूद हमारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलकर रह गई। दुनिया में सबसे अधिक डॉक्टर्स के ब्रेन ड्रेन वाला देश ग्रेनेडा है। यहां के दस हजार डॉक्टर विदेशों में पलायन कर चुके हैं। कोरोनाकाल में ग्रेनेडा को अपने चिकित्सकों को विदेशों से वापस बुलाने तक का निर्णय करना पड़ा। हमारे यहां कोरोना ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई जान दी है और सरकारी व गैरसरकारी प्रयासों से अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सिजन कन्सट्रेट आदि की जरूरतों को पूरा करने के समग्र और सार्थक प्रयास किये गये पर आज भी प्रशिक्षित मैनपावर की कमी के कारण इन उपकरणों का सही उपयोग नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण ही माना जायेगा। यदि हम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करें तो देश में शहरी क्षेत्र में तो कमी है ही पर ग्रामीण क्षेत्र के हालात अधिक ही चिंताजनक है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 की माने तो देश में ग्रामीण इलाकों की डिस्पेंसरियों में 81.6 प्रतिशत बाल रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। और तो और सामान्य फिजिशियनों की ही बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र की डिस्पेंसरियों में 79 प्रतिशत फिजिशियन की कमी है। 72 प्रतिशत से कुछ अधिक कमी प्रसूति रोग विशेषज्ञों की है। यह तो सरकारी आंकड़ों में दर्शाये गये हालात है। हालांकि नवीनतम रिपोर्ट में हालात में कुछ सुधार देखने को मिल सकते हैं पर अधिक सुधार की आशा करना बेमानी होगा। दरअसल हमारे यहां दस हजार की आबादी पर केवल सात डॉक्टर उपलब्ध हैं जबकि क्यूबा जैसा देश दुनिया के देशों में मेडिकल चिकित्सकीय सेवा में लीड कर रहा है और वहां दस हजार की आबादी पर 84 डॉक्टर उपलब्ध है, अमेरिका में यह संख्या 35 तो चीन में 23 है। ब्रेन ड्रेन शब्द सबसे पहली बार विश्वयुद्ध के समय उभर कर आया जब भारतीय इंजीनियर व अन्य विशेषज्ञ अपनी काबिलीयत को लोहा मनवाने विदेशों में जाने लगे और वहां अपनी पहचान बनाई। 1950 से 1960 के दशक में यूके, कनाडा और यूएसए में प्रतिभा पलायन का दौर चला और इसे ब्रिटिश रॉयल सोसायटी ने ब्रेन ड्रेन कहा तो अब विदेशों में प्रतिभा पलायन चाहे वह किसी भी देश की हो उसे ब्रेन ड्रेन के नाम से पुकारा जाने लगा है। ब्रेन ड्रेन को एक तरह से अच्छा भी माना जा सकता है क्योंकि हमारी प्रतिभा को वहां स्थान मिल रहा है पर जब तक घर के हालात तंदुरुस्त नहीं हो तब तक इसे ज्यादा अच्छा नहीं कहा जा सकता। वैसे भी हमारे यहां से ही नहीं अपितु दुनिया के लगभग अधिकांश देशों से प्रतिभाएं किसी न किसी कारण से पलायन करती है। विदेशों में प्रतिभा पलायन को ही ब्रेन ड्रेन कहा जाने लगा है। हालांकि अब ब्रेन ड्रेन को ब्रेन गेन कह कर भी पुकारा जाने लगा है तो दूसरी और रिवर्स ब्रेन ड्रेन भी होने लगा है। सवाल यह है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और डॉक्टर्स की जरुरतों को देश में पूरा करना समय की मांग है। आज हम देश में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खासतौर से चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी निश्चित रूप से चिंता का विषय है। खासतौर से कोरोना के बाद तो सरकार को और अधिक गंभीर होने की आवश्यकता हो जाती है। दरअसल विदेश जैसी सुविधाएं हमारे डॉक्टर्स को मिलने लगें तो उनके विदेश जाने के मोह को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। लाख सरकारी दावों के बावजूद अन्य देशों की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं पर जीडीपी की तुलना में हमारे देश में तीन प्रतिशत से कुछ अधिक ही खर्च किया जा रहा है जबकि यूएसए में जीडीपी का स्वास्थ्य पर खर्च 18 प्रतिशत से भी अधिक है तो क्यूबा में 11 प्रतिशत, जापान में 10 से अधिक ही व्यय किया जा रहा है। दरअसल देश में निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रति दस हजार की आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में लंबा समय लगेगा। हालांकि पिछले सालों में देश में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हुआ हैं। नये एम्स खोले जा रहे हैं तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल खुल रहे हैं। राजस्थान सरकार राइट टू हेल्थ लाई है। मोहल्ला डिस्पेंसरी खोली जा रही हैं। पर यह साफ है कि देश में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज यानी कि सभी देशवासियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं तक पहुंच अभी दूर की बात है। इसी साल देश में 50 नये मेडिकल कालेज खोलने का निर्णय किया गया है। इन्हें मिलाकर देश में 702 मेडिकल कालेज हो गये हैं तो अब देश में मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस के अध्ययन की सीटें भी बढ़कर एक लाख 7 हजार से अधिक हो गई हैं। इसका सीधा अर्थ यह हो गया है कि कुछ साल बाद हमें एक लाख डॉक्टर्स प्रतिवर्ष मिलने लगेंगे तो विदेशों से अध्ययन कर लौटने वाले भी कुछ डॉक्टर्स होंगे। इस तरह से नये डॉक्टर्स आने लगेंगे तो हालात में सुधार होगा। सवाल अभी भी कायम है कि चिकित्सकों के ब्रेन ड्रेन को रोकने के लिए भी सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे। डॉक्टर्स की सेवा शर्तों में सुधार के साथ ही इस क्षेत्र में निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना होगा।

**कोविड के दौरान तो दुनिया में श्रेष्ठतम कार्य करने के बावजूद हमारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलकर रह गई। दुनिया में सबसे अधिक डॉक्टर्स के ब्रेन ड्रेन वाला देश ग्रेनेडा है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने छठ माता की कथा*

***स्नान*** करने के बाद नदी के किनारे खड़े होकर सूर्योदय के समय सूर्य देवता को नमन करें और विधिवत पूजा करें। शुद्ध घी का दीपक जलाएं और सूर्य को धुप और फूल अर्पण करें। छठ पूजा में सात प्रकार के फूल, चावल, चंदन, तिल आदि से युक्त जल को सूर्य को अर्पण करें। सर झुका कर प्रार्थना करते हुए ॐ घृणिं सूर्याय नमः, ॐ घृणिं सूर्यः आदित्यः, ॐ ह्रीं ह्रीं सूर्याय, सहस्त्रकिरणाय मनोवांछित फलं देहि देहि स्वाहा, या फिर ॐ सूर्याय नमः 108 बार बोलें। अपनी सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मणों और गरीबों को भोजन कराएं। गरीब लोगों को कपड़े, भोजन, अनाज आदि का दान करना चाहिए।

*(समाप्त)*

### *आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा*

सत्यनारायण व्रत कथा का संदर्भ यह है कि पुराकाल में शौनकादि ऋषि नैमिषारण्य स्थित महर्षि सूत के आश्रम पर पहुंचे, महर्षि सूत से प्रश्न करते हुए ऋषि गण पूछते हैं की लौकिक कष्ट मुक्ति, सांसारिक दुखों व कष्टों से मुक्ति पाने के लिए सरल उपाय क्या है? महर्षि सूत जी शौनकादि ऋषियों को बताते हैं कि यही प्रश्न नारद मुनि ने भगवान विष्णु से किया था, और भगवान विष्णु ने नारद मुनि को सांसारिक दुखों से मुक्ति का सरल उपाय बताते हुए कहा, इसका एक ही सरल उपाय है वह है सत्यनारायण व्रत। भगवान विष्णु ने सत्यनारायण का अर्थ सत्याचरण, सत्याग्रह, सत्य निष्ठा बताया है। इस संसार में सुख और समृद्धि की प्राप्ति सत्याचरण द्वारा की जा सकती है अथवा सत्य ही ईश्वर को पाने का सर्वोत्तम मार्ग है।

**सत्यनारायण भगवान की कथा**

**प्रथम अध्याय**

कथा इस प्रकार है कि, एक बार नारद जी भगवान श्री हरि विष्णु के पास जाते हैं और उनकी स्तुति करने लगे, यह देख श्री हरि विष्णु नारद जी से बोले - ₹हे भक्त आप किस प्रयोजन से यहां आए हैं तथा आपके मन में क्या है?

*(क्रमशः)*

# कस ली है कमर अब तो कुछ कर दिखायेंगे


ललित गर्ग

***भारत*** की आजादी का यह अमृतकाल है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आबादी वाला देश होने का गौरव तभी प्राप्त होगा जब हम कुछ कर दिखायेंगे। हमारे देश की आजादी के 75 सालों के दौरान, भारत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गरीबी, कुपोषण, उचित स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुछ बीमारियों से संक्रमित रहा है। विश्व खुशी सूचकांक में भारतीय 144वें, लिंग विकास सूचकांक में 141वें और वैश्विक बोझ सूचकांक में 145वें स्थान पर हैं। विभिन्न विकास सूचकांकों में भारत की रैंक इन कुछ वर्षों में सुधरी है तो इसका कारण सबका विकास-सबका साथ है। भारत इन सभी सूचकांकों में रैंक में सुधार करने का एकमात्र तरीका है कि देश का हर नागरिक कमर कसे और अपने-अपने क्षेत्र में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश को सशक्त बनायें। हर व्यक्ति को देश-निर्माण के कार्यभार को संभालने और बेहतर कल के लिए लड़ने के लिए आगे आने की जरूरत है। एक चित्रकार रंगों से, लेखक शब्दों से, संगीतकार धुनों से, अभिनेता भावों से, व्यवसायी व्यापार से, राजनेता नेतृत्व से, धर्मगुरु धर्म से, शिक्षक शिक्षा से एवं कर्मी कर्म से देश के लिये कुछ कर दिखाये, यह अपेक्षित है। आजादी की बात भी हमेशा ,आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक दायरों में कैद ही रहती है जब यह कहते हैं, मैं आजाद हूं तो इसका क्या अर्थ होता है गुलामी से आजादी। आर्थिक कर्जों से छुटकारा मिलने की आजादी। पुराने घिसे-पिटे रीति-रिवाजों को तोड़कर आगे आने की आजादी या फिर एक इंसान होने के नाते स्वतंत्रता से सोचने, विचार कर अपने फैसले स्वयं लेने की आजादी। गलतियां करने की आजादी, ठोकरें खाने की आजादी, ठोकरों से कुछ सीखने की आजादी। 'क्या ऐसा करने की आजादी हम हासिल कर पाये हैं? देश आज दुनिया की 'नई उम्मीद' के रूप में उभरा है। ऐसा प्रतीत होता है नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिये कमर कस चुका है। पूरी मानवजाति को दिशा देने, शांति, अहिंसा, समतामूलक दुनिया को निर्मित करने के लिये उसने स्वयं को संकल्पों में ढ़ालने की तैयारी कर दी है। दुनिया में जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है। निश्चित ही यह कुछ कर गुजरने की दृढ़ता का द्योतक है। कुछ भी हो पर अब तक हमारे भीतर की एक ऐसी शक्ति रही है जो हमेशा आसान रास्तों की तलाश में रहती रही है लेकिन अब कुछ नये साहस की अनुभूति जटिल-से-जटिल कार्यों को करने को प्रेरित करती है। चुनौतियों भरे रास्तों पर अग्रसर होने के लिये हमारे देश की आबादी में 65 प्रतिशत युवा शामिल हैं, और यह युवाओं के महत्व को दिखाने के लिए पर्याप्त है और वे देश के लिए कितनी बड़ी संपत्ति हैं। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद भारत अभी भी आर्थिक सफलता हासिल करने में पिछड़ रहा है जो दुनिया की बड़ी शक्ति बनने की बड़ी बाधा है। युवाओं में किसी भी समस्या का सामना करने और उसे हल करने की क्षमता होती है। दुनिया भर में नक्सलवाद और इस्लामोफोबिया के मामलों में वृद्धि हुई है। बेरोजगारी, गरीबी और भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, हमारे देश में युवाओं को कुछ गैर-महत्वपूर्ण विषयों में विभाजित किया गया है।


**देश आज दुनिया की 'नई उम्मीद' के रूप में उभरा है। ऐसा प्रतीत होता है नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिये कमर कस चुका है।**

**देश-विदेश**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# पैदा हों भारत में नंदन नीलेकणि जैसे दर्जनों दानवीर


आर.के.सिन्हा

***इंफोसिस*** टेक्नोलॉजीज के सह - संस्थापक नंदन नीलेकणि ने देश के धन कुबेरों के समक्ष एक अद्भुत मिसाल कायम की है। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान कर दिये हैं। ये भारत में किसी भी पूर्व छात्र की ओर से अपने इंस्टीट्यूट या कॉलेज को किया गया सबसे बड़ा दान है। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटी बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। वे इसी संस्थान के छात्र रहे हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी भी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सरकार की अपनी सीमाएं हैं। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि नीलेकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ठ पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने की योजना को उन्होंने ही सफलतापूर्वक लागू करवाया। तो हम पहले बात कर रहे थे कि समाज के सफल लोगों, जिनमें उद्यमी, कारोबारी, नौकरशाह आदि शामिल हैं, को उन शिक्षा के मंदिरों का साथ देना चाहिए जहाँ से वे पढ़े हैं और आज सफल उद्यमियों में शुमार हैं। देखिये, नंदन नीलेकणि सिर्फ मुनाफा कमाने वाले उद्यमियों में से नहीं हैं। वे बार-बार साबित करते हैं कि वे अलग तरह के उद्यमी हैं। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के आईटी सेक्टर में अपनी खास पहचान रखने वाली इंफोसिस टेक्नोलॉजी ने अपनी स्थापना के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए अपने हजारों कर्मियों को ई-सोप्स के तोहफे से नवाजा था। कंपनी के कर्मियों को उनके कार्यकाल के साल के आधार पर ई-सॉप्स दिया गया था। इंफोसिस ने ही देश में ई-सॉप्स की परम्परा चालू की थी। भारत के आईटी सेक्टर के पितृ पुरुष यानी एन.नारायणमूर्ति और नंदन नीलेकणि जैसी गजब की शख्सियतों के मार्गदर्शन में आई टी सेक्टर की सबसे सम्मानित बनी इस आईटी कंपनी ने ई-सॉप्स की शुरूआत की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इंफोसिस के इस फैसले से मुलाजिमों में मालिकाना हक की भावना पैदा हुई। तो बहुत साफ है नीलकेणी कुछ हटकर ही करते रहते हैं। इस बीच, सबको पता है कि भारत या भारत से बाहर जाकर बड़ी कामयाबी हासिल करने वालों में आईआईटी में पढ़े छात्रों की तादाद बहुत अधिक है। एन. नारायणमूर्ति खुद आईआईटी कानपुर से हैं। ट्वीटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल भी पढ़े हैं आईआईटी, मुंबई में। इसने देश-दुनिया को चोटी के सीईओ से लेकर इंजीनियर दिए हैं। आप नए उद्यमियों, खासतौर पर ई-कॉमर्स से जुडी बात करें, और सचिन बंसल और बिन्नी बंसल की चर्चा न करें ये तो नहीं हो सकता। इन दोनों ने फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। ये दोनों आईआईटी, दिल्ली में रहे। भारत में पहली आईआईटी की स्थापना कोलकाता के पास स्थित खड़गपुर में 1950 में हुई थी। भारत की संसद ने 15 सितंबर 1956 को आईआईटी एक्ट को मंजूरी देते हुए इसे ₹राष्ट्रीय महत्व के संस्थान₹ घोषित कर दिया। इसी तर्ज.पर अन्य आईआईटी मुंबई (1958), मद्रास (1959), कानपुर (1959), तथा नई दिल्ली (1961) में स्थापित हुईं।

**अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं।**

**शिक्षा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# इंडियन एयरफोर्स में नौकरी पाने का सुनहरा मौका, 30 जून है आवेदन की लास्ट डेट

इंडियन एयरफोर्स में नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। वायुसेना ने आफिसर रैंक के 267 पदों पर आवेदन मांगे हैं। इन पदों पर 30 जून तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

इंडियन एयरफोर्स में नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। एयरफोर्स ने ऑफिसर रैंक के 267 पदों पर वैकेंसी निकाली है। इन पदों पर आवेदन के इच्छुक उम्मीदवार इंडियन एयरफोर्स की ऑफिशियल वेबसाइट afcat.cdac.in/afcatreg पर जाकर विजिट कर सकते हैं।

आवेदन की लास्ट डेट 30 जून है। वहीं उम्मीदवारों का ऑफिसर रैंक पर सिलेक्शन रिटेन टेस्ट, फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के बाद किया जाएगा।

## क्वालिफिकेशन

फ्लाइंग ब्रांच: फ्लाइंग ब्रांच पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास 12वीं में फिजिक्स और मैथ्स में 50 फीसदी अंक और ग्रेजुएशन में 60 फीसदी अंक होने आवश्यक हैं।

**ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी) :** इन पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास 12वीं में फिजिक्स और मैथ्स हर सब्जेक्ट में 50% अंक और बी.टेक में 60% अंक होने चाहिए।

**ग्राउंड ड्यूटी (गैर-तकनीकी) :** ग्रेजुएशन में 60% अंक होना आवश्यक है।



## सैलरी

इंडियन एयरफोर्स में सेलेक्शन होने के बाद कैंडिडेट को 56,000 से लेकर 1 लाख 10 हजार रुपए तक प्रतिमाह सैलरी दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य सरकारी भत्तों और सुविधाओं का भी लाभ दिया जाएगा।

## सिलेक्शन

इडिंयन एयरफोर्स की तरफ से निकाले गए पदों पर अभ्यर्थियों का चयन रिटन टेस्ट, इंडियन एयर फोर्स के एएफएसबी टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के आधार पर होगा।

## आयु सीमा

फ्लाइंग ब्रांच के पद पर आवेदन के लिए आयु सीमा 20 से 24 साल होनी चाहिए। आयु 1 जुलाई 2023 के आधार पर मानी जाएगी।

ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल एंड नॉन टेक्निकल) ब्रांच में आयु सीमा 20 साल से 26 साल होनी चाहिए। आयु 1 जुलाई 2023 के आधार पर मानी जाएगी।

## फीस

सभी वर्गों के लिए 250 रुपए फीस ली जाएगी। जिसका भुगतान उम्मीदवार को ऑनलाइन करना होगा।

## ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले इंडियन एयरफोर्स की ऑफिशियल वेबसाइट afcat.cdac.in/afcatreg पर जाएं।
अब अप्लाई ऑनलाइन पर क्लिक करें।
फिर इंडियन एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म में पूछी गई डिटेल्स को भरें।

❖ अनन्या मिश्रा

# एयरनॉटिकल इंजीनियरिंग के टॉप कॉलेज की लिस्ट, मिलेगी अच्छी प्लेसमेंट

अगर आप भी 12वीं पास कर चुके हैं तो आप एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक कर सकते हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक कर आप अपने कॅरियर को संवार सकते हैं। जानते हैं कुछ बेस्ट कॉलेजों के बारे में। 12वीं के बाद छात्रों के सामने अपने करियर को लेकर काफी सवाल होते हैं, जिनमें से सबसे बड़ा सवाल यह होता है कि वह किस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाएं। ऐसे में यदि आप 12वीं पास करने के बाद एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक कर अपने कॅरियर को संवार सकते हैं। इस ट्रेड से पढ़ाई करने वाले छात्रों को अच्छी सैलरी ऑफर होती है।

**आईआईटी कानपुर? :** जो भी छात्र एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक करना चाहते हैं, तो वह आईआईटी कानपुर से यह कोर्स कर सकते हैं। यहां पर एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड की पढ़ाई सबसे बढ़िया मानी जाती है।




**मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई? :** एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक करने के लिए मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नलॉजी भी काफी बेस्ट कॉलेज है। यहां से छात्रों को प्लेसमेंट का भी अच्छा ऑप्शन मिलता है।

**स्कूल ऑफ एयरोनॉटिक्स, दिल्ली? :** एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक करने के लिए दिल्ली के स्कूल ऑफ एयरोनॉटिक्स में एडमिशन ले सकते हैं।

इसके अलावा देश के कई विभिन्न आईआईटी से भी एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक किया जा सकता है।

**मनिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी? :** एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक करने के इच्छुक छात्र मनिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एडमिशन ले सकते हैं। इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर आप अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**पंजाब इंजीनियरिंग, कॉलेज? :** चंडीगढ़ में स्थित पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से छात्र एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक में दाखिला ले सकते हैं। वहीं एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक के लिए यह कॉलेज सबसे बेस्ट माना जाता है।

**IISST, तिरुवनंतपुरम? :** इंस्टीट्यूट साइंस एंड टेक्नोलॉजी को एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक करने वाले छात्रों के लिए बेस्ट माना जाता है। ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर आप फीस समेत अन्य कई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

**IIAE, देहरादून? :** एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग ट्रेड से बीटेक के लिए स्टूडेंट्स इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, देहरादून में भी दाखिला ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

# पल्लू की महिमा



पत्नी पति को भला अपने पल्लू में कैसे बाँधकर रख सकती है! भई जेब में पूरा देश रख कर दुनिया घूम सकते हैं, तब पत्नी के लिए पति को पल्लू में बाँधकर घूमने में कैसी परेशानी हो सकती है। वैसे भी पल्लू का इतिहास लंकापति के समय जितना पुराना है। अंतर केवल इतना है कि लंकापति धन कुबेर को अपनी कांख में दबा कर रखते थे, तो पत्नी पति को पल्लू से। इस हिसाब से पति बड़े सौभाग्यशाली हैं। कांख में दाबकर रखती तो सांस लेना दुश्वार हो जाता। इसका मतलब अपने यहां तो परंपरा है, और जो परंपरा के बूते पर ही खड़े हैं उन्हें कोई ऐतराज हो सकता है भला! न चाहते हुए भी पति पत्नी की पल्लू से बँधा चला जाता है। पहले वाले तो बड़े किस्मतवाले थे। पत्नियां साड़ी पहनती थीं, आज के जमाने में तो पत्नी जेब में रखकर घूमती हैं। जमाना भर बदला है, लेकिन रखने का चलन अभी भी बदस्तूर जारी है।

'क्या हुआ तुम्हें? कुछ ढूंढ रहे हो पति देव?' पत्नी ने पति से पूछा।

'जमीर .......शादी से पहले हुआ करता था। आजकल दिखाई नहीं दे रही है। अरे भागवान तुम्हारे चक्कर में सब कुछ भुला बैठा हूं! बिना पत्नी के पल्लू या जेब की कल्पना करना कितना कठिन है जानती हो!?' पति ने करुण स्वर में कहा।

'क्या तुम्हारे पास जेबों की कमी है, उसी में से किसी में एक ढूंढ़ लेना?' पत्नी ने पति के नहले पे दहला फेंका।

'मुझे तो तुम्हीं से बंधे रहने की आदत सी हो गई है। तुम खोल भी देती हो तब भी मन तुम्हीं से बंधा रहता है।'

'अच्छा तब कहीं चले क्यों नहीं जाते जब मैं तुम्हें इतना खटक रही हूं तो।'

'जाने को तो चला जाता, लेकिन डर यह है कि खुले सांड पर इल्जाम बहुत लगते हैं। इसलिए जैसा हूं वैसा ही ठीक हूं। तुमसे बंधे रहने से कम से कम रोटी-दाल तो मिल जाती है।'

# मेधावी छात्रों को आगे की पढ़ाई में नहीं होगी दिक्कत

ओएनजीसी फाउंडेशन की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की पहल की जाती है। इस प्रक्रिया के तहत छात्रों को ONGC छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करना होता है। मेधावी छात्रों के लिए ओएनजीसी फाउंडेशन द्वारा ONGC छात्रवृत्ति की शुरूआत की गई है। इस पहल के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के मेधावी छात्रों को आर्थिक रूप से पढ़ाई के लिए समर्थन दिया जाएगा। इंजीनियरिंग, एमबीबीएस, एमबीए या मास्टर इन जियोफिजिक्स/जियोलॉजी प्रोग्राम के प्रथम वर्ष में पढ़ने वाले छात्रों को यह स्कॉलरशिप दी जाएगी। ताकि आर्थिक तंगी के कारण छात्रों की पढ़ाई न छूट सके।

छात्रों को आगे की शिक्षा के लिए हर साल 48,000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बनाए गए एक ट्रस्ट ओएनजीसी फाउंडेशन के तहत इस स्कॉलरशिप को अपने सीएसआर पहल के हिस्से के रुप में पेश किया है। जिससे की समाज के कमजोर वर्ग से आने वाले स्टूडेंट्स की मदद की जा सके। इस स्कॉलरशिप के लिए छात्रों के पास इनमें से किसी एक पाठ्यक्रम का होना जरूरी है।




## एलिजबिलिटी

अभियांत्रिकी
एमबीबीएस
एमबीए
भूविज्ञान, भूभौतिकी में मास्टर डिग्री
इंजीनियरिंग या एमबीबीएस प्रोग्राम या 12वीं कक्षा में कम से कम 60 फीसदी अंक होने चाहिए।
वहीं भूविज्ञान, भूभौतिकी और एमबीए में पीजी पीजी पाठ्यक्रमों के लिए ग्रेजुएशन में 60 फीसदी अंक होना अनिवार्य है।
इसके साथ ही सभी स्त्रोतों से की गई वार्षिक आय INR 2,00,000 से कम होनी चाहिए।

## इतनी मिलेगी छात्रवृत्ति

सामान्य/ईडब्ल्यूएस INR 500 (48,000 प्रति वर्ष)
एसटी/एससी INR 1,000
ओबीसी INR 500

## डॉक्यूमेंट्स

जाति प्रमाण पत्र
जन्म प्रमाण पत्र
इंजीनियरिंग और एमबीबीएस छात्रों के मामले में 12वीं कक्षा की मार्कशीट की कॉपी
भूविज्ञान, भूभौतिकी में एमबीए और पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों की समेकित स्नातक अंकपत्र की प्रति
पारिवारिक वार्षिक आय
बैंक विवरण
पैन कार्ड
उपक्रम की कॉपी

## ऐसे करें आवेदन

स्टूडेंट्स ऑफिशियल वेबसाइट ongcscholar.org पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म से आवेदन कर सकते हैं।
इसके बाद होम पेज पर Apply Scholarship के ऑप्शन पर क्लिक करें।
फिर फॉर्म का लिंक आपकी स्क्रीन पर दिखने लगेगा।
लिंक पर क्लिक करने के बाद स्क्रीन पर रजिस्ट्रेशन के ऑप्शन पर क्लिक करना है।
इसके बाद आवश्यक जानकारी दर्ज कर दें
अब जरूरी दस्तावेज अपलोड कर फॉर्म सबमिट कर दें।

## सूडोकु नवताल- 6744

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6743 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## दैनिक पंचांग

28 जून 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.42 बजे से |
| चंद्र | तुला में | सिंह | 08.59 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कन्या | 11.10 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.21 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 15.36 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 17.52 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.57 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 21.43 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 23.16 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.47 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | वृष | 02.27 बजे से |
| | | मिथुन | 04.25 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 179 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 03.19 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 16.01 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 06.08 बजे तदनन्तर शिव 05.15 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** तैतिल 15.19 बजे तदनन्तर गर 03.19 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 18'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871658
**जूलियन दिन** 2460123.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 09
**विशेष** आशा दशमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7806

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

### बाएँ से दाएँ

1. आकाश, व्योम-2
2. नाजुक, मुलायम-3
4. हार, पराजय-2
6. संध्या, सांझ, गोधूलि-2
7. जोर, बल-2
9. सोना, धतूरा-3
12. नाप-जोख करना-3
14. सिक्कों की आवाज-3
16. रहस्यज्ञाता-4
17. तालाब, ताल, तलैया-4
18. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
20. गिरवी वस्तु-3
22. सैनिक कार्रवाई-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. बर्तन-2
27. सुर, क्रम-2
28. वाचन करने वाला-3
29. पितामह-2

### ऊपर से नीचे

1. लवण-3
2. भीगा हुआ-2
3. खुमार, नशा-2
5. सर्दी में हाथ सेंकना-3
6. भाजी, सब्जी, तरकारी-2
8. इंकार, मनाही-2
10. मस्जिद, नमाज पढ़ने की जगह-5
11. आम जनता-2
13. लालन-पालन-5
14. इमाम दस्ता -3
15. वचन, प्रतिज्ञा-3
19. रुखसार, कपोल-2
20. पासे फेंक कर भविष्य जानना-3
21. नाखून-2
22. सखा, दोस्त-2
23. निजात, छुटकारा-3
25. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
26. पवित्र-2

शब्द पहेली -7805 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हा | का | ल | ■ | व | र | क | ■ |
| त | र | ■ | ह | ■ | कि | ■ | ला | क |
| बा | ■ | ह | जा | म | त | ■ | ■ | सु |
| ला | य | क | ■ | द | ■ | ना | सू | र |
| ■ | ■ | ला | बा | ■ | व | जु | ■ | ■ |
| ना | प | ना | ■ | आ | ■ | क | या | स |
| य | ■ | ■ | म | हा | न | ता | ■ | र |
| क | था | ■ | जा | ■ | र | ■ | सी | ता |
| ■ | ल | ल | क | ■ | म | हा | रा | ज |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**मिथुन राशि :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कर्क राशि :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या राशि :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी।

**वृश्चिक राशि :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**धनु राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ राशि :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मीन राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### एटीपी पुरुष टेनिस टूर के दोबारा अध्यक्ष चुने गए एंड्रिया गौडेन्जी



**लंदन।** एंड्रिया गौडेन्जी को एटीपी पुरुष टेनिस टूर के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है, उनका दूसरा कार्यकाल 2026 तक चलेगा। एटीपी ने सोमवार को इस खबर की घोषणा की। पूर्व पेशेवर खिलाड़ी गौडेन्जी ने जनवरी 2020 में पहली बार अध्यक्ष चुने गए थे। गौडेन्जी के तहत, मेन्स टेनिस ने 50-50 लाभ-साझाकरण फॉमूर्ला पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप 2023 में एटीपी टूर और निचले स्तर के एटीपी चैलेंजर टूर में पुरस्कार राशि में 37.5 मिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। विज्ञप्ति में बताए गए गौडेन्जी के कार्यकाल के अन्य उपलब्धियों में 12-दिवसीय मास्टर्स 1000 टूनार्मेंट की शुरूआत, मीडिया अधिकारों का दीर्घकालिक एकत्रीकरण; खिलाड़ी पेंशन योगदान में वृद्धि; और इस वर्ष एटीपी चैलेंजर टूर की पुरस्कार राशि 75% बढ़कर 21.1 मिलियन डॉलर शामिल है।

### मजबूत कुवैत के सामने होगी भारतीय टीम की अग्नि परीक्षा

**बेंगलुरु।** पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय फुटबॉल टीम सैफ चैंपियनशिप के अपने आखिरी लीग मैच में आज शाम मजबूत कुवैत से भिड़ेगी। दो जीत से छह अंकों के साथ भारत की तरह कुवैत ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और मंगलवार को श्री कांतिरावा स्टेडियम में होने वाला मैच ग्रुप ए के विजेता का फैसला करेगा। दिन के दूसरे मैच में पाकिस्तान और नेपाल का आमना-सामना हुआ, जो महत्वहीन हो गया है क्योंकि दोनों टीमें अपने पहले के दो मैच हारने के बाद पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं।

## विश्व कप 2023 के कार्यक्रम और स्थान की घोषणा

# भारत-पाक का मुकाबला 15 अक्टूबर को

**एजेंसी। मुंबई**

भारत की मेजबानी में इस साल के अंत में 46 दिनों तक चलने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के कार्यक्रम और दस स्थानों की सूची जारी कर दी गई है। बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला रविवार, 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

विश्व कप की शुरूआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मैच के साथ होगी। मेजबान भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

ऑस्ट्रेलिया 13 अक्टूबर को लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला रविवार, 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। पाकिस्तान 20 अक्टूबर को बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि अगले दिन मुंबई में इंग्लैंड का दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला होगा। भारत 22 अक्टूबर को सुरम्य धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा और ऑस्ट्रेलिया 4 नवंबर को अहमदाबाद में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत 29 अक्टूबर को लखनऊ में इंग्लैंड का सामना करेगा।

ग्रुप चरण का अंतिम मैच 12 नवंबर को कोलकाता में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल बुधवार 15 नवंबर को मुंबई में और दूसरा सेमीफाइनल अगले दिन कोलकाता में होगा। दोनों सेमीफाइनल में एक रिजर्व डे होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा और 20 नवंबर को रिजर्व डे रखा गया है।

टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग लेंगी, पहली आठ टीमें पहले ही क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के माध्यम से क्वालीफाई कर चुकी हैं। अंतिम दो स्थान जिम्बाब्वे में क्वालीफायर टूनार्मेंट के अंत में निर्धारित किए जाएंगे, जो 9 जुलाई को समाप्त होगा। प्रत्येक टीम राउंड रॉबिन प्रारूप में अन्य नौ से खेलेगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।




## तुषार खांडेकर बने जूनियर महिला टीम के नए कोच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को पूर्व कप्तान तुषार खांडेकर को जूनियर महिला टीम का नया कोच नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति जूनियर महिला टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 की तैयारी कर रही हैं। विश्व कप 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। जबकि खांडेकर की साख को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में एक शानदार करियर का समर्थन प्राप्त है, उन्होंने पिछले दशक में कोचिंग में एक मजबूत पोर्टफोलियो विकसित किया है। 2014 और 2016 के बीच, वह कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे और उन्होंने लंदन में ऐतिहासिक चैंपियंस ट्रॉफी 2016 में रजत पदक, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण, विश्व हॉकी लीग 2015 में कांस्य सहित कई उपलब्धियों का स्वाद चखा है। वह 2016 रियो ओलंपिक खेलों के लिए टीम के कोचिंग स्टाफ का भी हिस्सा थे। महिला टीम के लिए मुख्य कोच जेनेक शोपमैन के डिप्टी के रूप में अपने हालिया कार्यकाल में, खांडेकर ने टीम को दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2021 के लिए तैयार करने में मदद की, उन्होंने 2022 में एशिया कप, ओमान भी खेला, जहां टीम ने कांस्य पदक जीता और विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई किया।



## भारत का लक्ष्य महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाना

**एजेंसी। बुसान**

गत चैंपियन भारत ने मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे पर जीत के साथ एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। टूर्नामेंट के पहले दिन दो जीत ने भारत को तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। भारत का अगला मुकाबला आज को जापान से होगा, जिसका बहुप्रतीक्षित मुकाबला गुरुवार को 2023 के चैंपियन ईरान से होगा।

टीम इंडिया ने मेजबान कोरिया के खिलाफ दमदार शुरूआत की। अनुभवी रेडर नवीन कुमार के स्थानापन्न के रूप में आए नवोदित असलम इनामदार ने सुपर 10 बनाया और भारत ने 76-13 से मैच जीत लिया। मेहमान टीम ने लगातार नौ अंक बनाए, जिसके बाद जाकर कोरिया ने अपना खाता खोला। भारत ने पहले हाफ की समाप्ति पर मुकाबले में 40-4 से बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे हाफ में भी गति जारी रखी, लेकिन शुरूआती मिनटों में कोरियाई खिलाड़ियों ने खुद को आगे बढ़ाया, लेकिन भारत के क्लिनिकल ऑलराउंड प्रदर्शन के सामने उसका कोई मुकाबला नहीं था क्योंकि गत चैंपियन ने 76-13 की बड़ी जीत हासिल की।

भारत ने मैच में मेजबान टीम को पांच बार ऑलआउट किया। सुरजीत नरवाल रक्षा में प्रभावशाली थे और उन्होंने सात टैकल अंक बनाए। गत चैंपियन की दूसरे मैच में शुरूआत सतर्क रही जब उन्हें चीनी ताइपे के खिलाफ दिन के दूसरे मैच में थोड़ी मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। सचिन के हरफनमौला प्रदर्शन की अगुवाई में भारत ने यह मैच 53-19 से जीत लिया। ताइपे के रेडर और डिफेंडर भारतीय टीम के खिलाफ काफी प्रभावी दिखे। पहले क्वार्टर में वे तीन अंकों से पीछे थे, लेकिन भारतीय कप्तान पवन सहरावत ने 12वें मिनट में उन्हें ऑल-आउट कर भारत की बढ़त 14-6 कर दी। हाफ टाइम तक स्कोर भारत के पक्ष में 21-12 था। दूसरे हाफ की शुरूआत में ताइपे की रक्षा प्रभावशाली दिखाई दी, लेकिन अनुभवी भारतीय टीम ने स्कोरबोर्ड को चालू रखा। दूसरे हाफ में भारत द्वारा तीन ऑलआउट और अंकों की झड़ी ने उन्हें 34 अंकों के अंतर से मैच जीतने में मदद की।



## 2028 प्रेसिडेंट्स कप किंग्स्टन हीथ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा

**एजेंसी। फ्लोरिडा (अमेरिका)**

पीजीए टूर और प्रेसिडेंट्स कप ने मंगलवार को घोषणा की कि 2028 प्रेसिडेंट्स कप किंग्स्टन हीथ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा, जो प्रसिद्ध मेलबर्न सैंडबेल्ट के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों में से एक है। 2028 प्रेसिडेंट्स कप मेलबर्न में इवेंट की चौथी यात्रा को चिह्नित करेगा, टूर ने पहले 2028 और 2040 में मेलबर्न में प्रेसिडेंट्स कप के आयोजन के लिए विजिट विक्टोरिया के साथ दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की घोषणा की थी। इसने इससे पहले 2009 और 2012 ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स, 2008 महिला ऑस्ट्रेलियन ओपन, और 2016 गोल्फ विश्व कप का आयोजन किया है। किंग्स्टन हीथ के उल्लेखनीय चैंपियनों में गैरी प्लेयर (1970 ऑस्ट्रेलियन ओपन) एडम स्कॉट (2012 ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स), कैरी वेब (2008 महिला ऑस्ट्रेलियन ओपन), और टाइगर वुड्स (2009 ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स) शामिल हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में जीत के साथ छठे महाद्वीप पर जीत हासिल की। किंग्स्टन हीथ द रॉयल मेलबर्न गोल्फ क्लब (1998, 2011, 2019) में शामिल होकर प्रेसिडेंट्स कप की मेजबानी करने वाले पांचवें अंतरराष्ट्रीय स्थल का प्रतिनिधित्व करेगा और यह द लिंक्स एट फैनकोर्ट होटल एंड कंट्री क्लब एस्टेट (2003); रॉयल मॉन्ट्रियल गोल्फ क्लब (2007, 2024); और जैक निकलॉस गोल्फ क्लब कोरिया (2015) के साथ जुड़ेगा। 2028 प्रेसिडेंट्स कप मेलबर्न में आयोजन की चौथी यात्रा होगी, जो एक शहर में आयोजित अधिकांश कपों के मामले में गेन्सविले (वर्जीनिया, यूएसए) की बराबरी करेगी। इसकी मेलबर्न की सबसे हालिया यात्रा 2019 में थी, जब वर्ल्ड गोल्फ हॉल ऑफ फेम के कप्तान एर्नी एल्स और टाइगर वुड्स इतिहास के सबसे नाटकीय प्रेसिडेंट्स कप में से एक में रॉयल मेलबर्न गोल्फ क्लब में आमने-सामने थे, जिसमें वुड्स की यूनाइटेड स्टेट्स टीम फाइनल में पहुंची थी। प्रेसिडेंट्स कप 24-29 सितंबर, 2024 को वापस आएगा, क्योंकि यह आयोजन 2007 के बाद पहली बार मॉन्ट्रियल, क्यूबेक, कनाडा में रॉयल मॉन्ट्रियल गोल्फ क्लब में लौट रहा है।



## बुमराह ने एनसीए में शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास




**एजेंसी। बेंगलुरु**

बुमराह ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में नेट अभ्यास के दौरान सात ओवर गेंदबाजी की है लेकिन चोट से उबरकर राष्ट्रीय टीम में कब वापसी करेंगे इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। नेट पर बुमराह की गेंदबाजी को हालांकि 2023 विश्व कप की प्रतीक्षा कर रहे भारतीय प्रशंसकों अच्छी खबर मान रहे है। विश्व कप का कार्यक्रम मंगलवार को मुंबई में जारी किया गया है। बुमराह की पीठ में बार-बार होने वाली तकलीफ के लिए मार्च में न्यूजीलैंड में सर्जरी हुई थी और तब से वह फिटनेस हासिल करने होने की राह पर हैं। बुमराह ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला सितंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खेला था। ऐसे में सवाल उठ रहे कि क्या बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला या एशिया कप में वापसी कर पाएंगे? इस घटनाक्रम पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने बताया, इस तरह की चोट के लिए, कोई समयसीमा निर्धारित करना बुद्धिमानी नहीं है क्योंकि खिलाड़ी की लगातार निगरानी की आवश्यकता होती है।

## भारत कोहली के लिए जीतेगा विश्व कप : सहवाग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि पूरा देश विराट कोहली को विश्व कप ट्रॉफी उठाते हुए देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। सहवाग ने याद किया कि कैसे उन्होंने और उनके साथियों ने एमएस धोनी के नेतृत्व में 2011 में सचिन तेंदुलकर के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। भारतीय क्रिकेट में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक, कोहली को वनडे में सबसे बेहतरीन रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 274 एकदिवसीय मैचों में 57.32 के औसत से 12,898 रन बनाए हैं। विशेष रूप से, कोहली एमएस धोनी के नेतृत्व वाली 2011 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। कोहली की कप्तानी में भारत 2019 विश्व कप में गया लेकिन सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गया। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, सहवाग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कोहली हमेशा अपना 100 प्रतिशत देते हैं और भविष्यवाणी की है कि टूर्नामेंट में पिचों से रन बनाने की उनकी क्षमता को समर्थन मिलेगा। सहवाग ने कहा, हमने वह विश्व कप तेंदुलकर के लिए खेला था। अगर हम विश्व कप जीतते, तो यह सचिन पाजी के लिए एक बड़ी विदाई होती। विराट कोहली अब भी वैसे ही हैं। हर कोई उनके लिए विश्व कप जीतना चाहेगा। वह हमेशा 100 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट कोहली भी इस विश्व कप पर ध्यान दे रहे हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 100,000 लोग आपको देखेंगे। विराट को पता है कि पिचें कैसी होंगी। मुझे यकीन है कि वह बहुत सारे रन बनाएंगे और वह भारत के लिए विश्व कप जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।



### ईशान किशन ने शुभमन के लिए ये रिक्वेस्ट भेजा

स्टाइलिश भारतीय बल्लेबाज शुबमन गिल हाल ही में लीग 1 में खेलने वाले लोकप्रिय फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन के मैदान पार्स डेस प्रिंसेस पर गए, जहां उन्हें टीम की जर्सी भी मिली जिसके पीछे उनका नाम लिखा हुआ था। गिल ने एक वीडियो अपलोड किया और फुटबॉल क्लब को इसके लिए धन्यवाद दिया। युवा क्रिकेटर ने वीडियो को कैप्शन दिया और लिखा, टूर ले पार्स डेस प्रिंसेस। इस पर बाएं हाथ के बल्लेबाज इशान किशन ने शुभमन की पोस्ट पर मजेदार कमेंट किया। उन्होंने अपने टीम के साथी से पीएसजी शर्ट को वेस्टइंडीज लाने के लिए कहा। किशन ने लिखा, शर्ट लेके वेस्ट इंडीज आ जाना भाई। टीम इंडिया को 12 जुलाई से मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट, तीन वन-डे-इंटरनेशनल (वनडे) और पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेलनी है।



## युसरा मर्दिनी ने प्रतिस्पर्धी तैराकी से लिया संन्यास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो बार की ओलंपियन युसरा मर्दिनी ने सोमवार (26 जून) को प्रतिस्पर्धी तैराकी से संन्यास ले लिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये संन्यास की घोषणा की। मूल रूप से सीरिया की रहने वाली 25 वर्षीय मर्दिनी ने रियो 2016 और टोक्यो 2020 खेलों में शरणार्थी ओलंपिक टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने जापानी राजधानी में शरणार्थी ओलंपिक टीम के ध्वजवाहक के रूप में भी काम किया। मर्दिनी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पिछले 8 सालों से घर से दूर तैराकी मेरा दूसरा घर रहा है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं इससे दूर जाऊं और अगले अध्याय की ओर बढ़ूं। तैराकी ने मुझे बहुत कुछ दिया है, इसने मुझे मेरे सबसे कठिन समय में स्थिरता दी है, इसने मुझे जीवन में सीखे गए सबक के माध्यम से ताकत दी है, इसने मुझे दृढ़ संकल्प और अनुशासन सिखाया है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने मुझे दोस्ती दी है जो मैं जीवन भर संजोकर रखूंगी। उन्होंने दोनों खेलों में 100 मीटर बटरफ्लाई में भाग लिया, जबकि रियो में 100 मीटर फ्री तैराकी भी की।



## वनडे वर्ल्ड कप 2023

### पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम का दावा

# विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार है पाकिस्तान

**एजेंसी। दुबई**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का मानना है कि भारतीय परिस्थितियों में विश्व कप का आयोजन उनकी टीम को यह टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार बनाता है। वसीम 1992 में पाकिस्तान का एकमात्र एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली इमरान खान की टीम का हिस्सा रहे थे। पाकिस्तान की कमान फिलहाल दुनिया के शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज बाबर आजम के हाथ में है और वसीम का मानना है कि यदि उनकी टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फिट रहते हैं तो वह एक बार फिर विश्व विजेता बन सकते हैं। वसीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ बातचीत में कहा, हमारे पास एक अच्छी टीम है... एक बहुत अच्छी वनडे टीम है और इसका नेतृत्व बाबर आजम जैसा महान खिलाड़ी कर रहा है।' उन्होंने कहा, ह्यजब तक वे फिट हैं और जब तक वे योजना के अनुसार खेलते हैं, उनके पास उस विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका रहेगा क्योंकि यह उपमहाद्वीप में भारत में हमारी तरह की परिस्थितियों में खेला जा रहा है।'

पाकिस्तान ने 2019 में इंग्लैंड और वेल्स में हुए 50 ओवर के विश्व कप में नौ में से पांच मैच जीते, लेकिन खराब नेट रन रेट के कारण सरफराज खान की टीम सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी थी। उस टूर्नामेंट के बाद से पाकिस्तान का फॉर्म शानदार रहा है। बाबर की टीम तब से सिर्फ नौ एकदिवसीय मुकाबले हारी है और वर्तमान में वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है।

बाबर खुद भी बीते चार वर्षों से शानदार फॉर्म में रहे हैं। वह 2019 विश्व कप के बाद से कुल 18 शतक जड़कर विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वसीम खुद भी बाबर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्हें उम्मीद है कि बाबर आगामी विश्व कप में अपने खेल को बेहतर बना सकेंगे। वसीम ने कहा, मुझे लगता है कि वह (बाबर आजम बेहतर खेल दिखा सकता है) क्योंकि वह हमारा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है।' उन्होंने कहा, पूरा देश उनका समर्थन करता है, वह जो कुछ भी करते हैं। वह लोगों को स्टेडियम में लाते हैं, चाहे टी20, वनडे या टेस्ट मैच हो। मेरी राय में उनकी कवर ड्राइव दुनिया में सबसे खूबसूरत है।'

पाकिस्तान अपने टूर्नामेंट की शुरूआत छह अक्टूबर को विश्व कप क्वालीफायर जीतने वाली टीम के खिलाफ करेगा, जबकि उसका दूसरा मुकाबला 12 अक्टूबर को क्वालीफायर के उपविजेता से होगा। इसके बाद बाबर आजम की टीम 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चिर-प्रतिद्वंदी भारत से भिड़ेगी।






## NEWS इन ब्रीफ

### 58 हजार के पार पहुंची सोने की कीमत, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में बीते दिनों लगातार गिरावट के बाद अब तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। वहीं चांदी की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। एमसीएक्स पर 4 अगस्त 2023 की डिलीवरी वाला सोना मंगलवार की सुबह 58493 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला है। यह 0.12 फीसदी या 93 रुपए की बढ़त के साथ 58505 रुपए पर ट्रेड करता दिखा। वैश्विक स्तर पर भी सोने की कीमतों में उछाल देखने को मिला है। सोने के साथ ही चांदी के भी घरेलू वायदा भाव में मंगलवार को तेजी देखने को मिली है। मंगलवार शाम एमसीएक्स पर 5 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी 0.38 फीसदी या 265 रुपए की तेजी के साथ 69450 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। सोने की वैश्विक कीमतों में वैश्विक स्तर पर भी तेजी देखने को मिल रही है।

### 18 साल बाद आ रहा टाटा ग्रुप का आईपीओ

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए फंड जुटाने के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड की मंजूरी मिल गई है। टाटा टेक्नोलॉजीज ऑटोमोबाइल की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स की सब्सिडियरी है। टाटा ग्रुप करीब 18 साल बाद कोई आईपीओ लेकर आया है। इससे पहले साल 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का आईपीओ आया था।

### तुअर दाल की कमी को पूरा करने को केंद्र का बड़ा फैसला

# राष्ट्रीय बफर स्टॉक से निकालने का फैसला किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने घरेलू बाजार में आयातित स्टॉक आने तक तुअर दाल को राष्ट्रीय बफर स्टॉक से निकालने का फैसला किया है, जिससे मार्केट में तुअर दाल की कमी को पूरा किया जा सके। खाद्य मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को पात्र मिल मालिकों के बीच ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से तुअर का निपटान करने का निर्देश दिया है, ताकि तैयार तुअर दाल में मिलिंग के लिए उपलब्ध स्टॉक को बढ़ाया जा सके। दरअसल, सरकार आम तौर पर आपात स्थितियों और कमोडिटी की कीमतों में तेज वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए बफर स्टॉक बनाए रखती है। आपको बता दें कि सरकार ने 2 जून, 2023 को जमाखोरी, सट्टेबाजी को रोकने और उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य में सुधार करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 को लागू करके तुअर और उड़द पर स्टॉक सीमा लगा दी थी। इस आदेश के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 अक्टूबर, 2023 तक तुअर और उड़द के लिए स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। आपको बता दें कि प्रत्येक दाल पर व्यक्तिगत रूप से लागू स्टॉक सीमा थोक विक्रेताओं के लिए 200 टन है, खुदरा विक्रेताओं के लिए 5 टन, प्रत्येक खुदरा दुकान पर 5 टन और बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं के लिए डिपो पर 200 टन, मिल मालिकों के लिए उत्पादन के अंतिम 3 महीने या वार्षिक स्थापित क्षमता का 25 प्रतिशत हैं। आदेश में इन संस्थाओं के लिए विभाग के संबंधित पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति घोषित करना भी अनिवार्य कर दिया गया है।



### हल्की बारिश से टमाटर हुआ और हुआ लाल

**नई दिल्ली।** प्याज ही नहीं रुलाता टमाटर भी लोगों के आंखों में आंसू ला रहा है। बरसात के मौसम में सामान्यतः सब्जियों के दाम में गिरावट आती है, लेकिन इस बार टमाटर समेत कई हरी सब्जियों की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है। इसमें सबसे आगे है टमाटर का भाव। मई माह में जो टमाटर थोक बाजार में 3-5 रुपये किलो और खुदरा बाजार में 10-20 रुपये कीमत पर मिल रहा था, वही, टमाटर अब जून माह में 100 रुपये की कीमत को पार कर गया है। पिछले हफ्ते में टमाटर की कीमतें तीन गुना तक बढ़ी हैं। इस बढ़ती कीमत के पीछे क्या कारण है, किस राज्य में टमाटर कितनी कीमत पर मिल रहा है। आइए जानते हैं कई राज्यों में भीषण गर्मी के चलते टमाटर के उत्पादन में गिरावट देखी गई तो वहीं, बेमौसम बारिश के चलते टमाटर और लाल हो गया है।

### बागवानी उत्पादन 2022-23 में मामूली बढ़कर रिकॉर्ड 35.09 करोड़ टन रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** फल एवं सब्जियों का उत्पादन बढ़ने के कारण देश में बागवानी उत्पादन वर्ष 2022-23 में एक प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 35.09 करोड़ टन होने का अनुमान है। पिछले वर्ष बागवानी फसलों का उत्पादन 34.72 करोड़ टन रहा था। कृषि मंत्रालय ने सोमवार को बागवानी फसलों के रकबे और उत्पादन का पहला अग्रिम अनुमान (2022-23) जारी किया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने रिकॉर्ड उत्पादन का श्रेय किसानों और वैज्ञानिकों के प्रयासों के अलावा केंद्र सरकार की अनुकूल नीतियों और राज्यों के सहयोग को दिया। वर्ष 2022-23 में फलों का उत्पादन 2021-22 के 10.75 करोड़ टन से बढ़कर 10.77 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि सब्जियों का उत्पादन 20.91 करोड़ टन की तुलना में बढ़कर 21.25 करोड़ टन होने का अनुमान है। सब्जियों में, प्याज का उत्पादन 2021-22 में 3.16 करोड़ टन से घटकर 2022-23 में 3.10 करोड़ टन रहने का अनुमान है। वर्ष 2022-23 में आलू का उत्पादन पिछले वर्ष के 5. 62 करोड़ टन से बढ़कर 5.97 करोड़ टन होने का अनुमान है। वर्ष 2022-23 में टमाटर का उत्पादन पिछले वर्ष के 2.07 करोड़ टन से थोड़ा घटकर 2.06 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

### आरबीआई बैंक ग्राहक सेवा में सुधार लाने पर कर रहा काम : शक्तिकांत

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा है कि बैंकों में ग्राहकों को मिलने वाली सेवाओं को और बेहतर बनाने समेत संचालन व्यवस्था में सुधार लाना वित्तीय संस्थानों के लिये पहली प्राथमिकता है और वह इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राहकों के लिये बैंक से जुड़ी शिकायतों के निपटान के लिये सीएमएस (शिकायत प्रबंधन प्रणाली) पोर्टल समेत कई कदम उठाये गये हैं। दास ने यहां आरबीआई मुख्यालय में पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, बैंक क्षेत्र में गवर्नेंस (संचालन व्यवस्था) के स्तर पर और सुधार लाने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि गवर्नेंस ठीक-ठाक नहीं हैङ्कसंचालन व्यवस्था अब भी टिकाऊ और भरोसेमंद है।

### आईसीआईसीआई की इंश्योरेंस कंपनी को बड़ा झटका

# जीएसटी को लेकर मिला नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**




आईसीआईसीआई की इंश्योरेंस कंपनी को बड़ा झटका लगा है। कंपनी को टैक्स से जुड़े मामले में 492 करोड़ रुपए का नोटिस मिला है। यह नोटिस जीएसटी से जुड़ा हुआ है। डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस की ओर से इंश्योरेंस कंपनी को शो कॉज कम डिमांड नोटिस भेजा है। जानकारी के अनुसार यह केस जुलाई 2017 से जुलाई 2022 के बीच का बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि कंपनी ने इस दौरान का 492 करोड़ रुपए टैक्स नहीं चुकाया है। वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल कंपनी की ओर से स्पष्टीकरण जारी किया है। कंपनी का कहना है कि वह पूरे प्रोसेस का पालन करेगी और केस का सामना करेगी। आईसीआईसीआई इंश्योरेंस कंपनी ने कहा कि वह जीएसटी अधिनियम, 2017 के अनुसार जीएसटी क्रेडिट कंप्लॉयंस के लिए एलिजिबल थी। वैसे कंपनी ने इस केस में जांच के दौरान आरोपों को स्वीकर किए बिना 190 करोड़ रुपए डिपॉजिट कर दिए हैं। कंपनी ने इस बात की जानकारी खुद शेयर बाजार को एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को जीएसटी से संबंधित नोटिस मिला है। यह नोटिस इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। जानकारों की मानें तो इनपुट टैक्स क्रेडिट का मतलब जब आउटपुट पर टैक्स चुकाने का समय आता है तो इनपुट पर जो टैक्स पहले चुकाया हुआ है उसे कम करने की परमीशन मिलती है। उस टैक्स को कम करने के बाद जो टैक्स बैलेंस होता है उसे आउटपुट पर सेटल करना होता है। कंपनी के अनुसार सीजीएसटी एक्ट 2017 और दूसरे नियमों के तहत यह इनपुट टैक्स क्रेडिट फैसिलिटी का यूज कर सकती है।

### 26 जून तक एक करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि 26 जून तक एक करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं और यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में बहुत अधिक है। वेतनभोगी करदाताओं और ऐसे करदाता, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत नहीं है, उनके लिए वित्त वर्ष 2022-23 में हुई आय के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। आयकर विभाग ने एक ट्वीट में कहा कि एक करोड़ आईटीआर दाखिल करने का लक्ष्य पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में इस साल 12 दिन पहले हासिल कर लिया गया। विभाग ने कहा, इस साल 26 जून तक एक करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए गए हैं, जबकि पिछले साल आठ जुलाई तक एक करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे। विभाग ने करदाताओं से अपना आईटीआर जल्दी दाखिल करने का भी आग्रह किया, ताकि अंतिम समय की भीड़ से बचा जा सके।

## विदेश

### श्रीलंका को भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे : राष्ट्रपति


**नवीन मेल संवाददाता। कोलंबो**



श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने दोहराया कि चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नहीं है और वह इस द्वीप राष्ट्र को भारत के खिलाफ किसी भी खतरे के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देंगे। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने फ्रांसीसी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ₹हम एक तटस्थ देश हैं, लेकिन हम इस तथ्य पर भी जोर देते हैं कि हम श्रीलंका को भारत के खिलाफ किसी भी खतरे के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दे सकते। जब विक्रमसिंघे से श्रीलंका में चीन की उपस्थिति, विशेषकर सैन्य उपस्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, चीन के साथ हमारा कोई सैन्य समझौता नहीं है; कोई सैन्य समझौता नहीं होगा और मुझे नहीं लगता कि चीन इसमें शामिल होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि चीनी वहां लगभग 1,500 वर्षों से हैं और अब तक वहां कोई सैन्य अड्डा नहीं है। उन्होंने हंबनटोटा बंदरगाह के बारे में स्वीकार किया कि इसे ₹चीन के व्यापारियों को दे दिया गया है, लेकिन इसकी सुरक्षा श्रीलंका सरकार द्वारा नियंत्रित है। उन्होंने आश्वस्त किया, दक्षिणी नौसेना कमान को हंबनटोटा में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। चीनी द्वारा बंदरगाह के सैन्य उपयोग का निश्चित रूप से कोई मुद्दा नहीं है। यही कंपनी कोलंबो बंदरगाह, साउथ पोर्ट में एक टर्मिनल भी चलाती है। यहीं पर सभी देशों से सभी युद्धपोत आते हैं। उन्होंने कहा, कोई भी कोलंबो में टर्मिनल के बारे में शिकायत नहीं कर रहा है, लेकिन वे केवल हंबनटोटा बंदरगाह के बारे में शिकायत कर रहे हैं।

### खुफिया फाइल्स केस में ट्रम्प का ऑडियो मिला

# ईरान पर हमले की बात सामने आई



**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का एक 2 मिनट ऑडियो सामने आया है। इसमें वो कुछ लोगों के साथ खुफिया फाइलों में मौजूद जानकारी शेयर करते नजर आ रहे हैं। ऑडियो में ट्रम्प ईरान पर हमले के प्लान के बारे में बात करते सुनाई दे रहे हैं। वो बताते हैं कि ये पेंटागन यानी अमेरिका के रक्षा विभाग की फाइल्स हैं। इसके अलावा ऑडियो में ट्रम्प हिलेरी क्लिंटन की प्राइवेट ई-मेल्स का भी मजाक बनाते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ये ऑडियो जुलाई 2021 का है जब वो अपने बेडमिन्स्टर रिजॉर्ट में एक इंटरव्यू दे रहे थे। इस दौरान वहां एक राइटर, एक पब्लिशर और 2 स्टाफ के लोग मौजूद थे। ऑडियो में ट्रम्प कहते हैं कि वो राष्ट्रपति रहते हुए इन फाइल्स को डी-क्लासिफाई कर सकते थे, लेकिन अब ये उनके हाथ में नहीं है। खुफिया फाइल्स घर ले जाने के मामले में ट्रम्प पर 37 क्रिमिनल चार्ज लगाए गए हैं। इनमें जासूसी ऐक्ट का उल्लंघन करने का भी चार्ज शामिल है। तस्वीर ट्रम्प के घर से जब्त हुए अमेरिका के खुफिया दस्तावेजों की है। तस्वीर ट्रम्प के घर से जब्त हुए अमेरिका के खुफिया दस्तावेजों की है। ट्रम्प के सीक्रेट फाइल्स केस में मियामी के कोर्टरूम में पेशी के दौरान भी इन ऑडियो रिकॉर्डिंग्स को सुना गया था। चार्जशीट में इस रिकॉर्डिंग के आधार पर कुछ आरोप तय किए गए हैं। वहीं इससे पहले फॉक्स मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने ऐसी कोई भी फाइल्स ले जाने की बात नकार दी थी। मियामी कोर्ट में सुनवाई के बाद भी ट्रम्प ने सभी आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया था। उन्होंने कहा था, 'मैंने सब कुछ सही किया लेकिन फिर भी उन्होंने मुझ पर क्रिमिनल चार्ज लगा दिए। मुझ पर जासूसी ऐक्ट के तहत आरोप तय किए गए हैं।

### भारतीय मूल के शख्स को बनाया दो किशारों की मौत का आरोपी

**न्यूयॉर्क।** मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर कथित तौर पर 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गलत दिशा में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है, जिसमें एक स्थानीय उपनगर में दो किशोरों की मौत हो गई थी। सीबीएस न्यूयॉर्क टीवी के अनुसार, 34 वर्षीय अमनदीप सिंह को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। उस पर वाहन हत्या, घटनास्थल छोड़ने और नशे में गाड़ी चलाने सहित 15 आरोप लगाए गए। मृतकों में से एक 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर का टेनिस चैंपियन था।

## पेज एक के शेष

**पीएम ने वंदे भारत ...**

सैनिक स्कूल के बच्चे कोडरमा से गया तक जाएंगे। बरकाकाना में विकास विद्यालय के छात्रों को हजारीबाग तक लाया जाएगा। हजारीबाग से कोडरमा तक हजारीबाग डीएवी के 30 बच्चे, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के 20, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल कुम्हारटोली से 45 छात्र शामिल होंगे।

**कल से नियमित:** वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22349/22350) का 28 जून से नियमित परिचालन होगा।यह ट्रेन पटना और रांची से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी।

**अधिकतम किराया 2110 रुपये:** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में रांची से पटना के लिए वातानुकूलित चेयर कार का किराया 1175 रुपये और एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 2110 रुपये है। पटना से रांची के लिए वातानुकूलित चेयर कार का किराया 1025 रुपये और एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1930 रुपये होगा। इन ट्रेनों में कुल आठ कोच होंगे। बुकिंग शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री ने जिन पांच वंदे भारत रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाई, उनमें भोपाल (रानी कमलापति)-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस; भोपाल (रानी कमलापति)-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस; रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस; धारवाड़-बेंगलुरू वंदे भारत एक्सप्रेस और गोवा (मडगांव)-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इनमें से अंतिम तीन को प्रधानमंत्री ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**वंदे भारत एक्सप्रेस ...**

को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि रांची-हजारीबाग-कोडरमा नई लाइन की परिकल्पना 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी, आज वह पूर्ण हो गई। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ ट्रेन नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की सुनहरे तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। साथ ही कहा कि केन्द्र सरकार की राज्य के 57 स्टेशनों का पुनर्विकास करने और उन्हें विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की योजना है। राज्यपाल ने रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन में स्कूली छात्रों के साथ संवाद किया। इसके पश्चात उन्होंने वन्दे भारत ट्रेन में नामकुम स्टेशन से मेसरा रेलवे स्टेशन तक का सफर किया। साथ ही प्रधानमंत्री का राज्यवासियों की ओर से आभार प्रकट किया।

**रांची जेल अधीक्षक...**

प्रशासन से मांगा था। कोर्ट ने भी इसकी इजाजत दी थी, लेकिन जेल प्रशासन ने कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी बीच जेल अधीक्षक को 27 जून की उपस्थिति का समन हुआ। जेल अधीक्षक ने कोर्ट को जानकारी दी कि वह ईडी को सीसीटीवी फुटेज सौंप रहे हैं। लेकिन ईडी को तय अवधि का फुटेज नहीं देकर, कोर्ट के आदेश के बाद के सीसीटीवी फुटेज दिए गए। ईडी ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पाया कि यह उस अवधि का फुटेज नहीं है, जिस अवधि की फुटेज एजेंसी ने मांगी थी।

**किन-किन मामलों में होनी थी जेल अधीक्षक से पूछताछ :** अमित अग्रवाल को ईडी ने कैश कांड से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में गिरफ्तार किया था। इस मामले में जब वह ईडी की रिमांड पर थे, उस दौरान उनके वकालतनामा पर जेल अधीक्षक ने हस्ताक्षर किया था, जबकि तब अमित जेल में नहीं थे। जेल में मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी दिसंबर 2022 में ईडी को मिली थी। इसके बाद ही फुटेज की मांग की गई थी। 5 मई को जेल भेजे जाने के बाद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की मुलाकात मनी लाउंड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश से करायी गई थी। यह मुलाकात तब हुई थी, जब जेल में सारे कैदियों को देरशाम सेल में बंद कर दिया जाता है।


**समान नागरिक...**

कि मुसलमानों में पसमांदा मुसलमानों में तीन तलाक होने से पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। केवल महिलाओं को ही इसका दुष्परिणाम नहीं भुगतना पड़ता, बल्कि पुरुषों को भी दूसरा विवाह करने में मुश्किलआती है। भारतीय हिंदू संस्कृति से प्रभावित होने के कारण पसमांदा मुस्लिम समुदाय के बच्चे अक्सर दूसरी मां को स्वीकार नहीं कर पाते जिससे परिवार की परेशानियां बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता पूरी तरह देश की भावना के अनुरूप है एक ही देश में अलग-अलग धर्मों के लोगों के लिए अलग-अलग कानून क्यों होने चाहिए। यदि मुस्लिम समुदाय देश के आर्थिक और दंड विधान को स्वीकार करता है, और इसमें उसका धर्म आड़े नहींआता तो यूसीसी को स्वीकार करने से भी कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अलग अलग कानून होने से लोगों में भेदभाव की भावना बढ़ती है, जबकि सबके लिए एक समान कानून होने से सबके एक बराबर होने का संदेश जाएगा जो कि बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति भी पसमांदा मुसलमानों के पक्ष में उठाया गया बड़ा कदम था। कश्मीर की कुल आबादी में 90% आबादी पसमांदा मुसलमानों की है।

### नियम: रुकेगा निवेशकों की रकम का दुरुपयोग

# शेयर खरीदने पर ही कटेगा पैसा, एक जनवरी से लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सेबी ने बताया कि अप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट (अस्बा) की सुविधा से निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने में मदद मिलेगी। इसके तहत निवेशक की रकम क्लियरिंग कॉरपोरेशन (सीसी) को ट्रांसफर की जाएगी, लेकिन यह तब तक ग्राहक के खाते में रहेगी। शेयरों की खरीद-फरोख्त में निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए सेबी ने नियम लाया है। निवेशकों के खातों से तभी रकम कटेगी, जब वे शेयर खरीदेंगे। उन्हें ब्रोकरों को पहले यह पैसा नहीं देना होगा। सेबी ने कहा, जिस तरह से आईपीओ में अस्बा की सुविधा है, उसी तरह से अब शेयर बाजार में शेयर खरीद पर भी अस्बा शुरू किया जाएगा। यह एक जनवरी, 2024 से लागू होगा। सेबी ने सोमवार को बताया, अप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट (अस्बा) की सुविधा से निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने में मदद मिलेगी। इसके तहत निवेशक की रकम क्लियरिंग कॉरपोरेशन (सीसी) को ट्रांसफर की जाएगी, लेकिन यह तब तक ग्राहक के खाते में रहेगी, जब तक कि शेयर की खरीद-फरोख्त पूरी नहीं हो जाती है। जो निवेशक एकमुश्त रकम ब्लॉक करना चाहते हैं, उनकी रकम कई बार में खाते से कटेगी। यह उनके खाते में जमा पर निर्भर होगा। यह सुविधा यूपीआई के आधार पर दी जाएगी, जहां एक बार रकम को ब्लॉक किया जाएगा और खरीद-फरोख्त के लिए कई बार में इसे निकाला जा सकेगा। सेबी ने कहा, यह सुविधा निवेशकों और स्टॉक ब्रोकरों के लिए वैकल्पिक होगी। जिन निवेशकों के पास ढेर सारे ब्रोकिंग खाते हैं, वे चाहें तो कुछ खातों के लिए यूपीआई ब्लॉक और कुछ के लिए गैर यूपीआई की सुविधा चुन सकते हैं। नए ढांचे से ग्राहकों के गारंटी के जोखिम भी खत्म हो जाएंगे।

### न्यूयार्क में अब दिवाली पर स्कूलों में अवकाश की घोषणा

**न्यूयॉक।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने शहर के दक्षिण एशियाई, इंडो-कैरिबियन, हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदायों का सम्मान करने के उद्देश्य से आधिकारिक तौर पर दिवाली पर स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। एबीसी 7 की रिपोर्ट के अनुसार, मेयर एडम्स ने सोमवार को सिटी हॉल में विधानसभा सदस्य जेनिफर राजकुमार, राज्य कार्यालय के लिए चुनी गई पहली हिंदू अमेरिकी और पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी महिला के साथ यह घोषणा की। राजकुमार ने कहा, आज हम 600,000 से अधिक हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन अमेरिकियों से कहते हैं, हम आपसे मिलते हैं। आज हम भारत, गुयाना, त्रिनिदाद, नेपाल और बांग्लादेश के परिवारों से कहते हैं, हम आपको पहचानते हैं। एडम्स ने ट्विटर पर कहा, दिवाली को स्कूल में छुट्टी बनाने की लड़ाई में विधानसभा सदस्य जेनिफर राजकुमार और समुदाय के नेताओं के साथ खड़े होने पर मुझे बहुत गर्व है। मेयर की यह घोषणा न्यूयॉर्क राज्य विधायिका द्वारा 9 जून को शहर में दिवाली पर स्कूल की छुट्टी करने के लिए एक विधेयक पारित करने के बाद आई है।





## जम्मू कश्मीर कुलगाम इनकाउंटर में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के हुवरा गांव में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड में एक स्थानीय आतंकी मारा गया। हालांकि अभी उसकी पहचान नहीं पाई। उसके पास से हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया है। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सेना के जवानों ने जब पुलिस के साथ मिलकर संयुक्?त अभियान शुरू किया तो गोलीबारी शुरू हो गई। इलाके की घेरेबंदी के बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की। इस दौरान एक आतंकी मारा गया। गौरतलब है कि हाल के महीनों में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच अनेक बार मुठभेड हो चुकी है।

# विपक्षी एकता 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेंद्न मोदी ने खुले तौर पर तमाम राजनेताओं का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों की एकजुटता की कोशिशों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दलों की एकता 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में देशभर के राज्यों के बूथों से तीन हजार चयनित कार्यकर्ताओं और देशभर के 10 लाख बूथ पर जुड़े कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। देश में मुख्यमंत्रियों, पार्टी अध्यक्षों से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों की बैठक होती रही है। मगर, पहली बार बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक हो रही है।



इस दौरान प्रधानमंत्री ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया। पटना में विपक्षी दलों की एकजुटता के लिए हुई बैठक को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत तय है, इसलिए विपक्षी दलों में बौखलाहट है। उन्होंने तय किया है कि चुनाव से कुछ माह पहले जनता को गुमराह किया जाए, बरगलाया जाए। वे झूठे आरोप लगाकर सत्ता हथियाना चाहते हैं। कांग्रेस की ओर से विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव और उसके बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा मध्यप्रदेश में पांच गारंटी देने का ऐलान किया है। इन गारंटी पर भी उन्होंने तंज कसा और कहा कि आजकल नया शब्द खूब पॉपुलर हो रहा है और वह है गारंटी। बार-बार आता है गारंटी शब्द। आखिर विपक्षी दल किस चीज की गारंटी हैं। यह सारे लोग गारंटी हैं भ्रष्टाचार की। गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपए के घोटाले की। पिछले दिनों एक फोटो-ऑप हुआ है, जिसमें शामिल दलों के जितने लोग दिख रहे हैं, कुल मिलाकर सारे मिलकर 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके सहित तमाम दलों से जुड़े घोटालों का जिक्र किया और कहा कि इनके घोटालों का मीटर बनाया जाना चाहिए। विपक्षी दलों की गारंटी का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह देश को एक गारंटी दे रहे हैं। उनकी घोटालों की गारंटी है तो हमारी गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की, गारंटी हर चोर-लुटेरे पर कार्रवाई की, गारंटी है जिसने गरीब और देश को लूटा है, उसका हिसाब तो होकर रहेगा, कानून का डंडा चल रहा है।

## सशस्त्र बलों में पाक नागरिकों की भर्ती

### हाईकोर्ट ने सीबीआई से जांच करने को कहा

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को सशस्त्र बलों में दो पाकिस्तानी नागरिकों की कथित भर्ती के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को प्रीलिमिनरी और पैरलेल (समानांतर) जांच का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी मामले में अपनी समानांतर जांच जारी रखेगी, और कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सभी जांच एजेंसियों को एक साथ काम करने की जरूरत है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 जून को बिष्णु चौधरी द्वारा न्यायमूर्ति मंथा की पीठ में एक याचिका दायर की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि दो कथित पाकिस्तानी नागरिक जयकांत कुमार और प्रद्युम्न कुमार वर्तमान में राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर स्थित छावनी में तैनात हैं। चौधरी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि दोनों का चयन कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा के माध्यम से हुआ और उन्होंने जाली दस्तावेजों के जरिए नौकरियां हासिल कीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जाली दस्तावेजों के जरिए ऐसी नियुक्तियों के पीछे प्रभावशाली राजनीतिक नेताओं, नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों से जुड़ा एक बड़ा रैकेट शामिल है। उस दिन, न्यायमूर्ति मंथा ने सीआईडी को प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया और इस मामले में केंद्र सरकार, केंद्रीय जांच ब्यूरो और भारतीय सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख को भी पक्षकार बनाया। मंगलवार को मामले पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि सीआईडी के अधिकारियों द्वारा शुरूआती निष्कर्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं।

# बदलाव के लिए उत्सुक है तेलंगाना की जनता : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तेलंगाना की जनता राज्य में राजनीतिक बदलाव चाहती है। वहां लोग बदलाव के लिए तरस रहे हैं और वे कांग्रेस पार्टी की ओर देख रहे हैं। खड़गे ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाएगी। हम हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि साथ मिलकर हम साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और सर्वांगीण सामाजिक कल्याण के आधार पर तेलंगाना के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत करेंगे। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद उत्साहित कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसी क्रम में आज तेलंगाना विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।



## जम्मू-कश्मीर : डोडा जिले में वाहन खाई में गिरा, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट रोड पर वाहन चालक ने उस पर से नियंत्रण खो दिया, और वाहन गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस के अनुसार, यह हादसा गुलदंडा में हुआ। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और सात घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने कहा कि इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। कहा जा रहा है कि डोडा जिले में खराब सड़कें हैं, जिसके परिणामस्वरूप मानव हानि हो रही है। यातायात अधिकारी पहाड़ी डोडा जिले में कमर्शियल वाहनों के चालकों द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने को भी जिम्मेदार मानते हैं। इससे पहले दिन में, डोडा जिले में श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर एक अन्य दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।



# पिछले नौ सालों में भारत का सड़क नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़ा : गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के कारण देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई लगभग 59 प्रतिशत बढ़ गई है। इस विस्तार के परिणामस्वरूप भारत के पास अब अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। गडकरी आज यहां सरकार की 9 साल की उपलब्धियां विषय पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 2013-14 में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किमी थी, जो 2022-23 में बढ़कर 1,45,240 किमी हो गई, जो इस अवधि के दौरान 59 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले नौ वर्षों में 4 लेन एनएच में वृद्धि लगभग दोगुनी हो गई है। 2013-14 में 4 लेन एनएच की यह लंबाई 18,371 किमी थी, जो पिछले नौ वर्षों में बढ़कर 44,654 किमी हो गई है। गडकरी ने कहा कि फास्टैग की शुरूआत के साथ टोल संग्रह में महत्वपूर्ण उछाल आया है। मंत्री ने आगे बताया कि टोल से राजस्व संग्रह 2013-14 में 4,770 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 41,342 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2030 तक टोल राजस्व को 1,30,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है। गडकरी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय भी कम हो गया है। 2014 में टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय 734 सेकेंड था, जबकि 2023 में यह घटकर 47 सेकेंड हो गया है। हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही इसे घटाकर 30 सेकेंड पर ला देंगे। मंत्री ने एक शोध का हवाला देते हुए कहा कि फास्टैग से टोल प्लाजा पर इंतजार का समय घट गया है और इससे लगभग 70,000 करोड़ रुपये के ईंधन खर्च की बचत हुई है। गडकरी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट क्षेत्र में सड़क राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुखद अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से 670 सड़क किनारे सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एनएचएआई ने तकनीकी प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत को दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सड़क नेटवर्क के रूप में स्थापित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करते हुए सात विश्व रिकॉर्ड हासिल किए। हरित पहल के मुद्दे पर गडकरी ने कहा कि एनएचएआई ने पिछले नौ वर्षों में 68,000 से अधिक पेड़ों का प्रत्यारोपण किया जबकि 3.86 करोड़ पेड़ लगाए। उन्होंने कहा कि एनएचएआई ने देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 15,00 से अधिक अमृत सरोवर विकसित किए हैं। मंत्री ने बताया कि मंत्रालय ने दिल्ली रिंग रोड परियोजना के लिए सड़क निर्माण में 30 लाख टन कचरे का उपयोग किया है।




## अतीक की बहन ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश में पुलिस हिरासत में मारे गए गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की बहन आयशा नूरी ने सुप्रीम कोर्ट से हत्याकांड की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक आयोग से कराने की मांग की है। मारे गए गैंगस्टरों की मेरठ निवासी बहन नूरी ने याचिका में कहा कि प्रतिवादी-पुलिस अधिकारी यूपी सरकार के समर्थन का आनंद ले रहे हैं, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें प्रतिशोध वश याचिकाकर्ता के सदस्यों को मारने, अपमानित करने, गिरफ्तार करने और परेशान करने की पूरी छूट मिल गई है। नूरी ने यूपी सरकार द्वारा मुठभेड़ में हत्याओं, गिरफ्तारियों और उसके परिवार के उत्पीड़न के अभियानों की जांच के आदेश देने की मांग की। याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता के पास राज्य को इन घटनाओं की प्रभावी ढंग से जांच करने के लिए मजबूर करने का अधिकार है, क्योंकि अनुच्छेद 21 के तहत उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन हो रहा है। याचिकाकर्ता के परिवार के सदस्यों को चुप कराने के लिए, राज्य उन्हें एक-एक करके झूठे मामलों में फंसा रहा है।

# सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों को दिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार

**तीन उत्तम युद्ध सेवा पदक और 28 परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया**

**असाधारण क्रम की विशिष्ट सेवा के लिए 52 अति विशिष्ट सेवा पदक दिए गए**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह (चरण- क्क) के दौरान सशस्त्र बलों और भारतीय तटरक्षक बल के 84 सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने असाधारण क्रम की विशिष्ट सेवा के लिए 52 अति विशिष्ट सेवा पदक, तीन उत्तम युद्ध सेवा पदक और 28 परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया।



**सवाल** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक व व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव ने दिया कड़ा जवाब

# वॉल स्ट्रीट रिपोर्टर के ऑनलाइन उत्पीड़न की निंदा की

**आरएनएम। नई दिल्ली**

व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछने पर सोशल मीडिया पर एक अमेरिकी पत्रकार पर हो रहे हमलों की निंदा की है और इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। मालूम हो कि वॉल स्ट्रीट जर्नल की संवाददाता सबरीना सिद्दीकी ने बीते सप्ताह भारत के पीएम से भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में सवाल करते हुए पूछा था कि उनकी सरकार इस दिशा में सुधार के लिए क्या कदम उठाने पर विचार कर रही है। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के एक दिन बाद संवाददाता को भारत के पीएम से सवाल पूछने के लिए सोशल मीडिया पर कोसा जाने लगा और कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि वह पूर्व नियोजित तरीके से सवाल पूछ रही थीं। कुछ ने तो महिला पत्रकार को पाकिस्तानी इस्लामिस्ट कहा। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने इस बारे में एक प्रश्न के उत्तर में संवाददाताओं से कहा है,में उस उत्पीड़न की खबरें मिली हैं। यह अस्वीकार्य है। और हम किसी भी परिस्थिति में कहीं भी पत्रकारों के किसी भी तरह के उत्पीड़न की कड़ी निंदा करते हैं। यह लोकतंत्र के उन सिद्धांतों के लिहाज से अनैतिकतापूर्ण है ,जो पिछले सप्ताह राजकीय यात्रा के दौरान प्रदर्शित किए गए। किर्बी के बयान के बाद, व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव केरीन ज्यां-पियरे ने माइक लेते हुए कहा, हम निश्चित रूप से किसी भी पत्रकार को डराने-धमकाने या परेशान करने के किसी भी प्रयास की निंदा करते हैं जो सिर्फ अपना काम करने की कोशिश कर रहा है। सिद्दीकी के प्रश्न के उत्तर में पीएम मोदी ने लोकतंत्र के मामले में भारत के रिकॉर्ड का पुरजोर बचाव करते हुए कहा था कि उनकी सरकार का मूल आधार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है ।उन्होंने कहा था, भारत एक लोकतंत्र है. और जैसा कि राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों के डीएनए में लोकतंत्र है। हमारी रगों में लोकतंत्र है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरीन ज्यां-पियरे ने कहा,हम व्हाइट हाउस में इस प्रशासन के तहत प्रेस की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसीलिए हमने पिछले सप्ताह संवाददाता सम्मेलन रखा था ।क्या प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने प्रेस की आजादी और मानवाधिकार जैसे विषयों पर बातचीत की थी? इस प्रश्न के जवाब में ज्यां-पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन किसी वैश्विक नेता या किसी राष्ट्र प्रमुख से मानवाधिकारों के मुद्दे पर बातचीत से कभी संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि दोनों नेताओं द्वारा, न केवल राष्ट्रपति (बाइडन), बल्कि प्रधानमंत्री (मोदी) द्वारा भी संवाद करना आप सभी के लिए और सवाल पूछने वाले पत्रकारों के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस बीच दक्षिण एशियाई पत्रकार संघ (एसएजेए) ने सिद्दीकी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपशब्दों के इस्तेमाल की निंदा करते हुए महिला पत्रकार के प्रति समर्थन जताया है। संगठन ने कहा, प्रेस की आजादी किसी भी लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है ,और प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करते हैं। मालूम हो कि पत्रकार सबरीना सिद्दीकी के विरुद्ध पहला हमला भाजपा के आईटी से के प्रमुख अमित मालवीय की ओर से हुआ।






## जिशु सेनगुप्ता बच्चों जैसी मौज-मस्ती करते हैं: कुब्रा सैत

**एक्ट्रेस** कुब्रा सैत ने अपकमिंग काजोल स्टारर फिल्म 'द ट्रायल- प्यार, कानून, धोखा' में जिशु सेनगुप्ता और शीबा चड्ढा जैसे एक्टर्स के साथ काम करने के बारे में बात की है। कुब्रा ने अपने को-स्टार के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया। जिशु सेनगुप्ता के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, कुब्रा ने कहा, द ट्रायल की कास्ट वास्तव में अद्भुत हैं। मेरी शूटिंग के पहले दिन एक सीन शूट किया गया, जिसमें मेरे साथ जिशु थे। वह बहुत स्थिर, शांत, सुलझे हुए इंसान है। वह बच्चों जैसी मौज-मस्ती करते है, उनके साथ काम करना अद्भुत था। शीबा चड्ढा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, शीबा चड्ढा शानदार एक्ट्रेस हैं। जब भी मेरा उनके साथ कोई सीन होता, मैं उनके साथ काम करती और कहती, हे भगवान, 'आपके चरण कहा हैं।'



## अमेरिका और ब्रिटेन में परफॉर्म करेंगे आयुष्मान खुराना

**एक्टर-सिंगर** आयुष्मान खुराना लगातार दो अंतरराष्ट्रीय दौरों पर जाने वाले हैं। वह अपने म्यूजिक से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन भी जाएंगे। एक्टर का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय दौरों से उन्हें अपने देश को दुनिया के सामने दिखाने का मौका मिलता है। आयुष्मान ने कहा, मैं इंडियन म्यूजिक और इंडियन कल्चर को ग्लोबल ऑडियंस के सामने ले जाने को लेकर रोमांचित हूं। मुझे इंडियन होने पर गर्व है और मुझे सिनेमा पसंद है। इंटरनेशनल टूर से मुझे अपने देश को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और मैं हमेशा इसके लिए तैयार रहता हूं। सिनेमा भारत के सबसे बड़े आइडेंटिटी काड्र्स में से एक है और मैंने देखा है कि यह कैसे लोगों को खुशी देता है और लोगों को एक शेयर्ड कम्युनिटी एक्सपीरियंस के लिए एकजुट करता है।

